बरगवां सेफ्टी टैंक सामूहिक अंधी हत्याकांड का पुलिस ने किया पर्दाफास

# पुरानी रंजिश को लेकर 6 आरोपियों ने गोली मारकर हत्या को दिया था अंजाम

## अलग अलग स्थानो से सभी आरोपी गिरफ्तार,एक देशी पिस्टल 4 नग जिन्दा कारतूस, एक खाली देशी पिस्टल मैगजीन बरामद

**सिंगरौली।** बरगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिंडालको पावर प्लांट के गेट नंबर 3 के पास ग्राम बड़ोखर मे गत 4 जनवरी को सेफ्टी टैंक मे मिले चारो शवों की पहचान व सामूहिक अंधे हत्याकांड के पहेली को पुलिस ने सुलझा लिया है. जमीनी विवाद व पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से चारो युवकों पर गोली चलाकर जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया था. सभी आरोपियों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया गया है और हत्या मे उपयोग किये गए देशी पिस्टल व कारतूस बरामद कर लिया गया है।

उक्ताशय का खुलासा डीआईजी रीवा रेंज साकेत पाण्डेय ने किया। इस दौरान एसपी मनीष खत्री, एएसपी शिव कुमार वर्मा, एसडीओपी मोरवा केके पाण्डेय, सीएसपी पीएस परस्ते सहित कई थानो के टीआई मौजूद रहे। डीआईजी श्री पाण्डेय ने आगे बताया कि सेफ्टी टैंक मे मिले चारो मृतको करण साहू पुत्र राजेश साहू उम्र 32 वर्ष निवासी जयंत, पप्पू उर्फ़ जोगिंदर महतो पुत्र उदय महतो उम्र 33वर्ष निवासी जयंत व सुरेश प्रजापति पुत्र हरिप्रसाद प्रजापति उम्र 30 निवासी लक्ष्मी मार्केट जयंत के साथ मुख्य आरोपी राजा रावत पुत्र अमर रावत उम्र 25 वर्ष निवासी नेहरू गेट जयंत का एनसीएल की जमीन मे घर बनाने के विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चल रहा था,जिसने सुनियोजित तरीके से अपने 5 आरोपी दोस्त क्रमश: बुद्ध सेन साकेत पुत्र रामदेव साकेत उम्र 20 वर्ष निवासी सिंगाही सोलन चौकी गोरबी, हरिश्चन्द्र साकेत उर्फ़ शुभम उर्फ़ छोटू पुत्र रामधनी साकेत उम्र 21 वर्ष निवासी बरहटी थाना बरगवां, रोहित साकेत पुत्र राम विचारे साकेत उम्र 21 वर्ष निवासी नेहरू गेट गर्दा बस्ती जयंत, नीरज साकेत पुत्र महेन्द्र साकेत उम्र 19 वर्ष निवासी जयंत व एक नाबालिक के साथ मिलकर गोली से मारकर सामूहिक जघन्य अंधे हत्याकांड को अंजाम दिया। डीआईजी श्री पाण्डेय ने बताया कि डाग स्कवाड, एफ एस एल, फिंगर प्रिंट एंड चार स्पेशल जाँच टीम के सभी सदस्यों के कड़ी मशक्कत से सभी आरोपियों को अलग -अलग स्थान से गिरफ्तार कर लिया गया है।




आरोपियों के पास एक अदद देशी पिस्टल, 4 नग जिन्दा कारतूस, एक खाली देशी पिस्टल की मैगजीन बरामद हुई है। सभी आरोपियों को अपराध क्रमांक 16/2025, धारा103 (1),331,238,3(5) बी एन एस के तहत न्यायालय मे पेस किया गया।

डीआईजी श्री पाण्डेय ने बताया कि सभी मृतक नये वर्ष की लगातार चल रही पार्टी के तीसरे दिन तीन मुख्य आरोपी राजा रावत मृतको के पास पहुंचा और बोला की घटना दिवस के दिन की खाने पीने की पार्टी उसकी तरफ से है.पार्टी के बाद आरोपी राजा ने अपने पांच सह आरोपी दोस्तों को बुलाया और मकान के पीछे के रास्ते से अंदर घुसे और सभी ने मिलकर राकेश सिंह उर्फ़ सोनू के ऊपर तीन गोली, सुरेश प्रजापति को दो गोली, करण साहू को एक गोली व चौथे मृतक पप्पू उर्फ़ जोगिंदर महतो को नुकिले रॉड सिर मे हमला व गला दबा कर सामूहिक हत्याकांड को अंजाम दिया।

सिंगरौली जिले में इस प्रकार सामूहिक हत्या का मामला पहले कभी नहीं आया था। पुलिस भी इस मामले में किसी भी तरह की कोताही बरतने को तैयार नहीं थी। एक और जहां आरोपियों के धर पकड़ के लिए एसआईटी गठित कर पुलिस अधिकारियों के निशानदेही पर जगह-जगह छापेमारी की जा रही थी। वही साइबर एक्सपर्ट अपने स्तर पर आरोपियों को ट्रेस करने में जुटे थे। इस दौरान बरगवां निरीक्षक अपनी टीम के साथ शवों के पीएम के लिए दिन भर मुख्यालय में डटे रहे और पोस्टमार्टम के बाद शवों का सिटी स्कैन कराया गया। सीटी स्कैन में यह बात सामने आई की 2 व्यक्तियों के शरीर में बुलेट फांसी हुई है, वही सुरेश को लगने वाली गोलियां उसके शरीर को आर पार कर निकल गई थी।

प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला था कि मृतक कमरे में शायद सो रहे होंगे क्योंकि उनके जूते के अंदर मौजे मौजूद व्यवस्थित रखे गए थे, जिससे पुलिस को अंदाजा हुआ कि इनकी यही हत्या कर शव को फेंका गया होगा। साथ ही आरोपियों ने कमरे में खून के धब्बों को मिटाने का भी प्रयास किया था।पत्रकारों को संबोधित करते हुए डीआईजी श्री पांडे ने बताया कि आरोपी राजा रावत कि मृतक जोगिंदर महतो समेत सुरेश से जमीन के कब्जे और मकान बनाने को लेकर पुरानी रंजिश थी। साथ ही तीनों गुस्सेल प्रवृत्ति के थे। और यही कारण था हत्या का और सबूत मिटाने को लेकर अन्य लोगों की हत्या की गई।आरोपी राजा रावत ने झारखंड से प्रिस्टल व कारतूस खरीदे थे और वह काफी समय से इस घटना को अंजाम देने की तलाश में था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर एक देशी पिस्टल, चार नग जिंदा कारतूस व एक खाली मैगजीन जप्त की है। वही अन्य आरोपियों से मोबाइल समेत अन्य हथियार अभी जप्त किया जाना शेष है। सामूहिक अंधे हत्याकांड को महज 24घण्टे मे सुलझाने व हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने सिंगरौली एसपी मनीष खत्री व उनकी टीम को बधाई दी जबकि प्रभारी पुलिस महानिदेशक साकेत पाण्डेय द्वारा पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए नगद पुरस्कार की घोषणा की है।

# आयोजित जन कल्याण शिविर में पहुचे सासद विधायक



**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 2024-25 जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 चलाया जा रहा जिसके अंतर्गत केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की चिन्हित 63 सेवाओं एवं 45 हितग्राही मूलक योजनाओं के शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदाय किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सीधी सिंगरौली सांसद डॉ.राजेश मिश्रा,विधायक देवसर डॉ. राजेंद्र मेश्राम, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा जनपद पंचायत देवसर क्षेत्रांतर्गत के ग्राम पंचायत रजमिलान एवं जनपद पंचायत बैढ़न क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत सिद्धीखुर्द पहुचकर शिविर में पात्र हितग्राहियों को दिए जाने वाले लाभ एवं बुजुर्गो से मिलकर उनकी समस्याओं एवं शासन द्वारा उन्हे दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। सांसद श्री मिश्रा ने उपस्थित जानों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिले ये प्रदेश सरकार की मंशा है । आम जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा सर्वप्रथम लक्ष्य है। इस कार्यक्रम के सफल प्रयासों से हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं। विधायक देवसर एवं विधायक सिंगरौली ने शिविर में उपस्थित बुजुर्गो एवं आम जनो से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना साथ ही 70 प्लस के बुजुर्गो को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रेरित किया। कलेक्टर ने शिविर में उपस्थित राजस्व अमले को निर्देश दिये कि किसानो का शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्रेसन, फौती नामातरण का चिन्हांकन साथ ही नामातरण, बटनवारा, नक्शा तरमीम की भी कार्यवाही शत प्रतिशत की जायें। साथ ही उपस्थित कर्मचारियो को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग जन पेंशन आदि सभी पेंशन योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने के निर्देश दियें।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों को मिला स्वास्थ्य लाभ

**सिंगरौली।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत अंतर्गत 0 से 18 वर्ष के बच्चों में 4डी ( जिसमें जन्मजात विकृति, विकासात्मक विलंब, पौष्टिकता कमी, बाल्यावस्था रोग) कि जांच आरबीएसके चिकित्सकों द्वारा आंगनवाड़ी एवं स्कूल का भ्रमण कर की जाती है 7 किसी बीमारी के लक्षण दिखने पर बच्चों को जिला चिकित्सालय शिशु रोग चिकित्सक के पास भेजा जाता है एवं गंभीर बीमारी होने पर आयुष्मान भारत चिन्हित अस्पतालों में भेजकर नि:शुल्क उपचार करवाया जाता है खुटार



क्षेत्र बैढ़न निवासरत 5 वर्षीय बच्ची के दिल में छेद था, जिसके कारण उसको बार बार सर्दी जुकाम, वजन कम, होने की शिकायत थी। परिजन परेशान थे एवं इलाज के लिए पैसा नहीं थे। जिला मुख्यालय के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एन.के. जैन के निर्देश पर बच्ची को मुख्य मंत्री बाल हृदय उपचार योजना से मुंबई के एस.आर.सी.सी चिल्ड्रेंस हॉस्पिटल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने सफल आपरेशन कर बच्ची को नई जिंदगी दी। इसी तरह और तीन बच्चों को स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत गंभीर बीमारी का नि:शुल्क उपचार का लाभ दिलवाया गया । कलेक्ट्रेट सभागार में आज जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला द्वारा बच्चों के अभिभावकों को स्वास्थ्य प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया । योजना से लाभ पाकर अभिभावकों ने अपनी खुशी जाहिर की ।

# हिंडालको महान में महान प्रीमियर लीग 2024 का भव्य समापन

**सिंगरौली।** हिंडालको महान के क्रिकेट स्टेडियम में शीतकालीन अंतर्विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट महान प्रीमियर लीग 2024 का भव्य समापन उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच टीम वर्क, खेल भावना, स्वास्थ्य जागरूकता और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना था। टूर्नामेंट में कंपनी के विभिन्न विभागों की 20 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके बच्चों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। विशेष आकर्षण के रूप में चार महिला टीमों ने भी भाग लिया, जिससे आयोजन को नई ऊंचाई और विविधता मिली।



महान प्रीमियर लीग 2024 का फाइनल मुकाबला महान ब्लू (रेडक्सन) और चैंपियन बॉयज (मैकेनिकल) के बीच खेला गया। चैंपियन बॉयज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 58 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए महान ब्लू की टीम ने 5 विकेट खोकर 20 गेंद पहले ही जीत हासिल कर ली।अमित सिंह को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। गेंदबाजी में शैलेन्द्र प्रताप सिंह और सुमित चौरसिया के योगदान को सराहा गया, जबकि श्रीकांत को बेस्ट फील्डर का पुरस्कार मिला।

महिला क्रिकेट श्रेणी में आयोजित वोमेन प्रीमियम लीग 2024 का फाइनल मुकाबला चैंपियन चेजर्स और महान लेडी लॉयनेस के बीच हुआ। चैंपियन चेजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 86 रन बनाए। जवाब में, महान लेडी लॉयनेस की टीम 60 रन तक ही पहुंच सकी।चंद्रकली को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब मिला।तकनीकी और प्रशासनिक टीमों के बीच खेले गए विशेष मैच में भी जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। टेक्निकल टाइगर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 128 रन बनाए।एस शशि कुमार की कप्तानी में शशि कुमार, प्रांजल पाठक और सुमन मैथी ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। जवाब में, सेन्थिलनाथ के नेतृत्व में प्रशासनिक लायंस ने 4 विकेट के नुकसान पर 95 रन बनाए। विवेकानंद मिश्रा और संजय सिंह ने शानदार प्रयास किए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

टेक्निकल टाइगर्स ने यह मुकाबला 33 रन से जीत लिया। एस. शशिकुमार इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे।समापन समारोह में मुख्य अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार वितरित किए।ट्रॉफ़ी व पुरुस्कार एस सेन्थिलनाथ (इकाई प्रमुख)डॉ. विवेकानंद मिश्रा (मानव संसाधन प्रमुख)एस. शशि कुमार (स्मेल्टर हेड) प्रांजल पाठक (पावर प्लांट हेड) सुशांत नायक (वित्त प्रमुख) द्वारा दिया गया।

# एसएससी सिंगरौली एनपीएल में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पांचवीं टीम बनी

## चौथे दिन एससीसी सिंगरौली टीम ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

**सिंगरौली।** नौगढ़ के मधुवन बाग स्टेडियम में स्व. रामलला बैस स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के 25 वें सत्र का चौथे दिन का खेल संपन्न हुआ जिसका पहला मुकाबला बिलौंजी इलेवन और सद्भावना क्लब दूधीचूआ के बीच खेला गया जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए बिलौंजी ने निर्धारित 10 ओवर में 106 रन बनाए जिसके जवाब में सद्भावना क्लब दूधीचूआ ने 9 वे ओवर में मैच जीत लिया जिसके मैन ऑफ़ द मैच आयुष चंद्रवंशी रहे।



दूसरा मुकाबला एससीसी सिंगरौली और शूटर इलेवन खरकटा के बीच खेला गया जिसमे एससीसी सिंगरौली ने 10 ओवर में विशाल स्कोर 208 रन बनाए जिसमें जवाब में खरकटा टीम मात्र 83 रन ही बना सकी इस मैच को एससीसी सिंगरौली टीम ने 125 रनों से जीता। इस मैच के मैन ऑफ द मैच शुभ पाण्डेय रहे जिन्होंने टूर्नामेंट का पहला शतक लगाए 104 रन बनाए। दोनों मैच के विजेताओं के बीच तीसरा मुकाबला खेला गया जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए एससीसी सिंगरौली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 167 रन बनाए जिसके जवाब में सद्भावना क्लब दूधीचूआ की टीम मात्र 99 रन ही बना सकी और इस मैच को एससीसी सिंगरौली ने 68 रनों से मैच को जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया इस मैच के मैन ऑफ द मैच संजय खान रहे।एनपीएल आयोजन के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम सिंगरौली स्वच्छता विभाग से आईईसी मैनेजर आशीष शुक्ला , वार्ड पार्षद रामगोपाल पाल , हरेंद्र सिंह दुधिचुआ, नागेंद्र सिंह ,शिव शंकर पाल नौगढ़ ,भाजपा नेता मान प्रसाद पाल,संजय सोनी इत्यादि उपस्थित रहे।

# 26 जनवरी की तैयारी को लेकर आयोजित हुई बैठक

**सिंगरौली।** कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि समारोह की तैयारियों को समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए । साथ ही अधिकारियों को समारोह तैयारी के लिए पृथक पृथक रूप से जम्मिेदारियां भी सौंपी गई। कलेक्टर ने कहा कि समारोह का आयोजन पूर्ण गरिमा के साथ होगा । साथ ही ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।

# जनकल्याण शिविर में कृषकों को चालू खसरा खतौनी के नकलों का करें वितरण : कलेक्टर

**सिंगरौली।** जनकल्याण शिविरों में अनिवार्य रूप से जिला अधिकारी पहुंचना सुनिश्चित करें तथा शिविर के दौरान कृषकों को नि:शुल्क चालू खसरा खतौनी की नकल वितरित किए जाएं उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर श्री चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा जिला अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनकल्याण शिविर के दौरान निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का शतप्रतिशत पत्र हितग्राहियों को लाभ दिलवाएं। साथ ही शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों का भी निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें । कलेक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दिए कि शिविर के दौरान कृषकों को अनिवार्य रूप से खसरा खतौनी की नकल प्रदाय कराएं। वहीं बैठक के दौरान सी.एम. हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का समय सीमा के साथ संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें ।कलेक्टर ने 50 दिवस 100 दिवस के लंबित आवेदनों का निरीकरण करने के निर्देश दिए ।

# हिंडालको रेणूकूट के सीओओएन नागेश ने 6.25 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लांट का किया उद्घाटन

**सिंगरौली।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मुख्य संचालन अधिकारी एन नागेश ने अपनी विदाई से पूर्व 6.25 मेगावाट के अत्याधुनिक फ्लोटिंग सोलर प्लांट और नए ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर का उद्घाटन किया। यह सोलर प्लांट हिंडालको महान की हरित ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एन. नागेश ने रासायनिक अभियांत्रिकी में स्नातक और संयंत्र डिजाइन में एम.टेक की उपाधि ओस्मानिया विश्वविद्यालय से प्राप्त की। उनका हिंडालको के साथ जुड़ाव विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा, जहां उन्होंने रेणूकूट एल्यूमिना



रिफाइनरी के ब्राउनफील्ड विस्तार का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। उनके नेतृत्व में कंपनी ने तकनीकी नवाचार और उत्पादन क्षमताओं में उल्लेखनीय प्रगति की। 2017 में, उन्हें एबीजी पुरस्कारों में एक सफल नेता के रूप में चेयरमैन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।हिंडालको महान के रिजर्व वायर में 6.25 मेगावाट की क्षमता वाला यह फ्लोटिंग सोलर प्लांट जलाशय के ऊपर स्थापित किया गया है, जो भूमि के सीमित उपयोग को ध्यान में रखते हुए टिकाऊ ऊर्जा उत्पादन का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह संयंत्र न केवल ऊर्जा उत्पादन में योगदान देगा, बल्कि जल के वाष्पीकरण को भी कम करेगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना के माध्यम से प्रतिवर्ष हजारों टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। उद्घाटन के दौरान एन. नागेश ने कहा, यह सोलर प्लांट हमारे सतत विकास और ग्रीन एनर्जी लक्ष्यों की ओर एक मजबूत कदम है, जो आने वाले समय में ऊर्जा उत्पादन के नए आयाम खोलेगा।हिंडालको महान के कम्युनिकेशन हॉल और रॉकर्स क्लब में आयोजित विदाई समारोह में एन. नागेश को उनकी सेवा और नेतृत्व के लिए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में हिंडालको रेणूकूट क्लस्टर के मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह, रेनुसागर इकाई प्रमुख आर.पी. सिंह, हिंडालको महान के इकाई प्रमुख एस. सेन्थिलनाथ, मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा, स्मेल्टर हेड एस. शशिकुमार और पावर प्लांट हेड प्रांजल पाठक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।क्लस्टर एचआर प्रमुख जसबीर सिंह ने एन. नागेश की नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए कहा वे एक प्रेरक और निर्णयात्मक नेता हैं, जिन्होंने हमेशा संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया है।

रेनुसागर इकाई प्रमुख आरपी सिंह ने कहा नागेश की त्वरित निर्णय लेने की क्षमता ने उन्हें हर चुनौती में सफल बनाया और उनकी यह विशेषता हमें प्रेरित करती रहेगी।हिंडालको महान के इकाई प्रमुख एस. सेन्थिलनाथ ने विविधता और समावेशन के प्रति उनके दृष्टिकोण को सराहा और कहा उन्होंने रचनात्मकता और टीम वर्क को प्रोत्साहित किया, जिससे संगठन का प्रदर्शन उच्च स्तर पर पहुंचा।


## कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/7228/राजस्व/2025 सिंगरौली, दिनांक 06-01/2025

**इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के गनियारी आवासीय योजना क्रमांक-1 वार्ड क्रमांक 41 तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. में स्थित भूखण्ड क्रमांक 181 साईज 09 X 12 मीटर कुल क्षेत्रफल 108 वर्गमीटर श्री उदय प्रकाश गुप्ता पिता श्री कल्याण दास गुप्ता निवासी देवसर जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से लीज पर आवंटित किया गया था। लीज ग्रहिता के द्वारा लीज डीड के शर्तो के अधीन उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री देव अग्रवाल पिता श्री सुनील अग्रवाल निवासी गनियारी तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से किए जाने हेतु लीज डीड का पंजीयन कराया गया है। तत्पश्चात श्री देव अग्रवाल पिता श्री सुनील अग्रवाल के द्वारा नामान्तरण के कार्यवाही हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कार्यवाही हेतु विचाराधीन है।

अत: उक्त भूखण्ड क्रमांक 181 का नामान्तरण श्री देव अग्रवाल पिता श्री सुनील अग्रवाल निवासी गनियारी तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से किए जाने हेतु किसी व्यक्ति/संस्था का हक प्रभावित हो रहा हो तो इस इश्तहार जारी किए जाने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर निगम कार्यालय में विधिवत आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां विधिमान्य नहीं होगी

उपायुक्त
नगर पालिक निगम
सिंगरौली

# विभाग प्रमुख शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत करायें : कलेक्टर

## कलेक्टर ने रैण्डम आधार पर शिकायतकर्ताओं से किया संवाद



**सीधी।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई इस दौरान कलेक्टर ने रैण्डम आधार पर कुछ शिकायकर्ताओं से भी मोबाइल पर संपर्क कर शिकायत के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की नियमित समीक्षा करेंगे। स्वयं भी शिकायतकर्ताओं से संपर्क करेंगे तथा अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर ने आगामी एक सप्ताह में अभियान चलाकर अधिक से अधिक शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बजट के अभाव में लंबित शिकायतों की सूची तैयार करने तथा उसके संबंध में वरिष्ठ कार्यालय को मांग पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने प्रत्येक माह समाधान दिवस का आयोजन करने तथा शिकायकर्ताओं से संपर्क कर उनकी समस्याओं को समझने तथा संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शिविरों के कुशल आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने केन्द्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित करने तथा उन्हें पात्रतानुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करने तथा निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को अभियान की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले को टीबी मुक्त करने के लिए 100 दिवसीय निक्षय अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने संबंधित अधिकारियों को छात्रावासों के नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, कुसमी प्रिया पाठक, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## विद्युत पेंशनर हित रक्षक की बैठक कल

**सीधी।** विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ शाखा सीधी एवं सिंगरौली का वार्षिक चुनाव वर्ष 2025 के लिए दिनांक 8 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे नया बस स्टैंड के पास कैंपिंग हाउस सीधी में बैठक आयोजित की गई है जिसके लिए प्रांतीय कार्यकारिणी के द्वारा प्रांतीय पदाधिकारी यस.एन. पटेल एवं कृष्णानंद दुबे प्रांतीय संगठन सचिव चुनाव अधिकारी एवं पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इसलिए सीधी जिले एवं सिंगरौली जिले के विद्युत पेंशनरों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक विद्युत पेंशनर इस चुनाव में अपनी उपस्थिति दर्ज करावे किसी को कोई भी आपत्ति हो अपनी आपत्ति भी दर्ज करावे ताकि चुनाव में पारदर्शिता बनी रहे इसके अतिरिक्त विद्युत पेंशनर्स 15 सूत्रीय मांग पत्र में कितने समस्याओं का निराकरण हो गया है। बैठक में इस विषय पर भी चर्चा की जानी है कि 30 जून को सेवा निवृत हुए पेंशनर्स का काल्पनिक वेतन वृद्धि कंपनी द्वारा लगाया गया है या नहीं। उन्हें कितना एरियर्स प्राप्त हुआ है एवं अन्य विद्युत पेंशनर की क्या समस्याएं हैं। इसके संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा किया जाना है। साथ ही नए वर्ष 2025 की सदस्यता के बारे में चर्चा की जानी है। अत: सभी पेंशनर्स से अपील है कि उक्त बैठक में ज्यादा से ज्यादा उपस्थित होने का कष्ट करें।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की ब्लाक और तहसील इकाईयां गठित



**सीधी।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय इकाई के निर्देशानुसार जिला इकाई सीधी के तत्वावधान में विकासखण्ड और तहसील इकाइयों के चुनाव निर्विरोध संपन्न हो गए। संगठन के जिलाध्यक्ष राजबहोर पाठक मनोज और जिला सचिव सतीश पाण्डेय ने संयुक्त रूप से अपने बयान में बताया कि कुशमी ब्लाक और कुशमी तहसील को छोड़कर शेष चार ब्लाक और छ: तहसील में पूर्व निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्विघ्न निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हो गया, जिसमें कुमुद पाण्डेय सीधी ब्लाक, राजेन्द्र बहादुर सिंह सिहावल ब्लाक, के.के. श्रीवास्तव रामपुर नैकिन ब्लाक एवं नरेन्द्र तिवारी मझौली ब्लाक के अध्यक्ष निर्वाचित हुए ब्लाक इकाई के गठन उपरांत तहसील इकाइयों का भी उसी अनुक्रम में निर्वाचन संपन्न हुआ। क्योंकि मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के संविधान अनुसार विकासखण्ड इकाई का निर्वाचक मंडल संगठन का सामान्य सदस्य होता है और तहसील इकाइयों के गठन के लिए निर्वाचक मंडल विकासखण्ड की कार्यकारिणी होती है और विकासखण्ड एवं तहसील इकाइयां जिला इकाई के लिए निर्वाचक होती हैं।

तहसील इकाई गोपद बनास से रामजी शुक्ल, बहरी तहसील से शीलसागर पांडे, सिहावल से गोपालदास गुप्ता, चुरहट से रामशरण पटेल, रामपुर नैकिन से पी.के. अग्निहोत्री और मझौली से राकेश मिश्रा निर्वाचित हुए। कुशमी ब्लाक में सदस्यता न्यून होने के कारण ब्लाक और तहसील का निर्वाचन स्थगित रहा। कुशमी ब्लाक हेतु संयोजक और सहसंयोजक मनोनीत होंगे, संघ के संविधान अनुसार 100 सदस्य की सदस्यता उपरांत विकासखण्ड इकाइयों में निर्वाचन का प्रावधान है। संघ के जिलाध्यक्ष राजबहोर पाठक ने जिला कार्यकारिणी की ओर से नवगठित सभी ब्लाक, तहसील कार्यकारिणी को शुभकामना देते हुए संगठन के निर्धारित लक्ष्य राष्ट्रहित, शिक्षाहित, छात्र हित, शिक्षक हित में कार्य करने की अपील की है। राष्ट्रहित में शिक्षा, शिक्षा हित में शिक्षक और शिक्षक हित में समाज की अवधारणा पर आधारित मध्यप्रदेश शिक्षक संघ अपने विशिष्ट कार्यशैली के लिए अलग से जाना पहचाना माना जाता है। संघ का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने को शासकीय सेवक के साथ-साथ समाज सेवक के रूप में अंतःकरण से स्वीकारता और तदनुसार पूरे सामर्थ्य भर आचरित करता है। प्रांतीय उपाध्यक्ष गौतम मणि अग्निहोत्री, संभागीय अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी और जिला संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह चौहान ने सभी इकाइयों को नये वर्ष की शुभकामना के साथ नये उत्साह, नई ऊर्जा के साथ कर्तव्यारूढ़ होने का सुबोधित संदेश दिया है।

## विद्यालयों का संचालन समय परिवर्तित

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी किया है कि सीधी जिला अंतर्गत तापमान में अचानक आई गिरावट तथा घने कोहरे के कारण विजिविल्टी न्यून होने के फलस्वरूप जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त सी.बी.एस.ई., आर.ई.एस.ई., माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं समस्त बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नर्सरी से कक्षा 8वीं तक की समस्त शालाओं का संचालन अग्रिम आदेश तक किसी भी स्थिति में प्रात: 10.30 बजे के पूर्व एवं दोपहर 3 बजे के पश्चात नहीं किया जावे।

# विंध्य अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के छठवें संस्करण संस्करण का आज होगा शुभारंभ




**सीधी।** आज दिनांक 7 जनवरी को विंध्य अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के छठवें संस्करण का शुभारंभ सीधी के वैष्णवी गार्डन में सीधी लोकसभा सांसद माननीय डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में होगा। साथ ही स्वीडन से फिल्म निर्देशिका एना बोह्लमार्क तथा मुबई से देवयानी अनंत विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने सीधी पहुँच चुके हैं। इसके अतिरिक्त चेन्नई से बी सुरेश कुमार, भोपाल से संदीप कुमार चौरे, बनारस से अविनाश कुमार रोहित, मैहर से गौरव अवधिया सहित कोलकाता से सोमनाथ मंडल, अबन्ती सिन्हा के साथ इंदौर से लोग सीधी आ चुके हैं।

खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के नाट्यकला और फिल्म विभाग के 10 छात्रों का दल सहायक प्रोफेसर प्रमोद पांडे के साथ सीधी के फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने पहुँच चुके हैं। इस वर्ष 23 देशों से 242 फिल्मों की फेस्टिवल में इंट्री हुई। भारत के अलावा यूनाइटेड स्टेट, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, ऑस्ट्रीया, बांग्लादेश, बेल्जियम, ब्राजील, कनाडा, चाइना, कोलंबिया, फ़िनलैंड, जर्मनी, इटली, मलावी, मेक्सिको, नॉर्वे, पेरू, पुर्तगाल, सर्बिया, स्पेन, स्वीडन और यूक्रेन की फ़िल्मों ने इस फेस्टिवल में हिस्सा लिया है। फेस्टिवल की ओपनिंग फ़िल्म यता सत्यनारायण द्वारा निर्देशित रजाकार , जो हैदराबाद में हुए हिंदू नरसंहार की सच्ची घटना पर आधारित है। फेस्टिवल के दौरान दिखाई जाने वाली फ़िल्मों के निर्देशकों का आमजन से सीधे संवाद का कार्यक्रम भी रखा गया है। इसके अलावा विभिन्न विषयों पर पैनेल डिस्कशन रखा गया है।

जहां तक फिल्म महोत्सव की बात करें तो यह नए लोगों की फ़िल्मों को एक बड़ा मंच प्रदान करेगा साथ ही बघेली सिनेमा को सही दिशा प्रदान करेगा। देश के अलग-अलग हिस्सों से फ़िल्म निर्माताओं का आगमन इस फ़ेस्टिवल में होगा तो फ़िल्म निर्माण में सीधी की पहचान बनेगी और सीधी में भी फ़िल्म पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

फ़ेस्टिवल में अलग-अलग देशों की फ़िल्मोग्राफ़ी नज़र आएगी। ईरान, जर्मनी, अमेरिका, आस्ट्रेलिया और भारत सहित कई देशों की फ़िल्में देखने को मिलेंगी। फ़ेस्टिवल में मध्य प्रदेश के फ़िल्ममेकर्स की फ़िल्मों और आदिवासियों के जीवन से जुड़ी हुई फ़िल्मों का विशेष सेक्शन रखा गया है जिसमें देश के अलग-अलग राज्यों में बनी हुई आदिवासी जीवन पर केंद्रित फ़िल्में भी दिखाई जाएँगी। फिल्म निर्देशक अविनाश दास, हिंदी की प्रख्यात लेखिका गीताश्री, इसके अलावा इटली से क्रिस्टियानों एसपोसितों, सिमोना पासक्यूएल, कोलकाता से राष्ट्रीय फिल्म पुरुस्कार प्राप्त निर्देशक सोमनाथ मण्डल, अबंती सिन्हा सहित भारत के विभिन्न राज्यों से फिल्मकार अपनी फिल्मों के साथ 7 और 8 जनवरी को सीधी आयेंगे।

# मतदाता सूची का किया गया अंतिम प्रकाशन



**सीधी।** आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अंतर्गत दिनांक 06.01.2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन समस्त मतदान केन्द्रों एवं जिला स्तर पर किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मतदाता सूची की कॉपी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, कुसमी प्रिया पाठक, मझौली आर पी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि के रूप में सीपीएम से सुंदर सिंह, भाजपा से अमित प्रधान तथा कांग्रेस से अखंड प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# अमिलिया में साप्ताहिक बाजार की नहीं लगाई गई बोली



**सिहावल।** जनपद सिहावल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अमिलिया मुख्य साप्ताहिक बाजार की पिछले साल भर से बैठगी की बोली नहीं लगाई जा रही है, जिससे ग्राम पंचायत का लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। एक तरफ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लगातार ग्राम पंचायत से टैक्स वसूलने की बात करते हैं। मगर सिहावल विधानसभा में ऐसा ग्राम पंचायत पंचायत अमिलिया जो की साप्ताहिक बाजार रविवार को लगती है और पूरे क्षेत्र के अंतर्गत सबसे बड़ी बाजार ग्राम पंचायत अमिलिया की लगती है, जिसमें मुख्य रूप से जनपद सीईओ की लापरवाही की वजह से और क्षेत्रीय प्रशासन यह जनप्रतिनिध पंचायत को टैक्स ना उगाहने से ग्राम पंचायत का विकास प्रभावित हो रहा है, ना किसी भी प्रकार की बाजार की साफ-सफाई, ना किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं किया जा रहा है। वहीं पर स्थानीय लोगों ने बताया नाम ना छापने की शर्त पर जिसके सामने दुकान लगाई जाती है वह प्रति व्यक्ति दुकान से 50 रुपए प्रति उसी व्यक्ति से लिया जाता है। नाम न छापने की शर्त पर उन्होंने कहा कि भैया अगर नाम छापेंगे कल से मुझे यहां पर दुकान नहीं लगाने दिया जाएगा। इससे साफ समझ में आता है कि मुख्यमंत्री के आदेशों के ग्राम पंचायत के जनपद सीईओ और ग्राम पंचायत का सरपंच और सचिव किसी भी तरह का टैक्स लेने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं और ग्राम पंचायत का लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है और तीन से चार व्यक्तियों की रोजगार भी नहीं मिल रहा है। अगर पंचायत की बोली नहीं लगाई जाती तो ग्राम पंचायत ही पैसा वसूल में ऐसा असक्षम महसूस होता है। ऐसे में कहीं ना कहीं सरकार की बदनामी भी दिखाई दे रही है और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की आदेशों की अवहेलना हो रही है आपसी तालमेल न होने से ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव जनपद सीईओ और स्थानीय प्रशासन की वजह से हालात पैदा हुए हैं वही जनपद सीईओ रविशंकर मिश्रा से जानकारी जानना चाहा उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

## कुबरी में धरना प्रदर्शन में शामिल होगे पूर्व मंत्री कमलेश्वर



**सीधी।** सिहावल जनपद अंतर्गत ग्राम कुबरी फोर लेन के बगल में ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के पीड़ित किसानों ने धरना देने के लिए एसडीएम कार्यालय बहरी को सूचना पत्र दे कर सूचित किया था। किसानों का कहना है कि बिना पूर्ण मुआवजा दिएए रेलवे ठेकेदारों द्वारा जबरन उनके खड़ी फसल गेहूं में मिट्टी पाटने का काम शुरू कर दिया गया है। आज तक जमीन के बदले नौकरी की बात तो यह सरकार कर नहीं रही और न ही आज तक पूरा मुआवजा दिया। वर्तमान में बने हुए घर, अवार्ड में छोड़ दिया गया और सिंचित भूमियों का मुआवजा असिंचित के रेट से होने के कारण कई किसानों ने मुआवजा लेने से मना कर दिया। रेलवे ठेकेदारों द्वारा जबरन घर गिराने की कोशिश की जा रही है। किसानों ने सभी पीड़ित किसान भाइयों सहित भाजपा कांग्रेस सहित सभी पार्टियों के जनप्रतिनिधियों को धरने में शामिल होने की अनुनय विनय की थी जिसमें भाजपा दल सरकार होने के कारण भाजपा के नेता सरकार के दबाव में बोलने को तैयार नहीं पर किसानों और आम जनता की हितैषी वाली कांग्रेस पार्टी के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुचवाही के अध्यक्ष यज्ञराज साहू, वरिष्ठ नेता गंगा प्रसाद शुक्ला, गोपाल सिंह आम आदमी के क्षेत्रीय नेता चंद्रमा राम द्विवेदी, भीम पार्टी समर्थित सुदामा कोल व पीड़ित कई बड़े किसानों सहित भारी संख्या में जनता जन आंदोलन का हिस्सा बनेगी।

## चित्रांष नववर्ष मिलन कार्यक्रम मूड़ी मे सम्पन्न हुआ



**सीधी।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान मे चित्रांष परिवार नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन संरक्षक मण्डल के सदस्य चित्रांष वेदप्रकाष श्रीवास्तव, से0नि0प्राचार्य द्वारा ग्राम-मूड़ी स्थित निवास मे दिनांक 5 जनवरी 2025 रविवार को किया गया,जिसमे नगर एवं तहसीलस्तर के चित्रांष परिवारों ने भाग लिया।

नववर्ष मिलन कार्यक्रम मे दिन 12 बजे से सुन्दरकाण्ड का पाठ चित्रांष वीरेन्द्र खरे षिक्षक की मण्डली द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गयी, तत्पष्चात महिलाओ ने सामूहिक भजन एवं गायन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कायस्थ समाज के वरिष्ठजनो चि0 विनोद कुमार निगम,वरिष्ठ अधिवक्ता एवं चि0आर0के0 निगम से0नि0प्राचार्य का सपत्नीक श्रीफल एवं शाल भेंटकर वेद प्रकाष श्रीवास्तव एवं प्रमेष श्रीवास्तव ने सम्मान किया।

इस अवसर पर उपस्थित चित्रांष बन्धुओ का स्वागत करते हुये अभाकाम के अध्यक्ष चित्रांष जे0पी0श्रीवास्तव अधिवक्ता ने समाज के नवयुवक-युवतियो को प्रतियोगी परीक्षाओ मे शामिल होने और सफलता प्राप्त करने के लिये मार्गदर्षन दिया, उन्होने स्वागत के दौरान यह भी कहा कि अपनी प्रतिभा को हर क्षेत्र मे निखारना चाहिये।

कार्यक्रम को अभाकाम के संरक्षक मण्डल सदस्य चि0 सुनील खरे वरिष्ठ अधिवक्ता, चि0भाष्कर निगम, श्रीमती ऊषा श्रीवास्तव आदि ने सम्बोधित किया। उपस्थितो के प्रति आभार चि0 वेद प्रकाष श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन चि0 पवन श्रीवास्तव एवं चि0 राघवेन्द्र खरे ने किया। नव वर्ष मिलन समारोह की ब्यवस्था चि0 नामिष श्रीवास्तव, चि0 करूण श्रीवास्तव के साथ वेद प्रकाष श्रीवास्तव के परिवारजनो ने ब्यवस्थित ढंग से किया, और उपस्थित चित्रांष बन्धुओ ने सभी एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई देते हुये शीघ्र ही जिले के कायस्थ बन्धुओ को जिला मुख्यालय मे आमंत्रित कर शीघ्र ही विषेष कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर विचार-विमर्ष किया।

# भगवान की कथा प्रेम का विषय है व्यवहार का नही: बाला व्यंकटेश



**सीधी।** सीधी में स्थित पूजापार्क की श्री रामकथा के सुपरिचित कथा प्रवक्ता पं बाला व्यंकटेश महराज वृन्दावनोपासक ने समुपस्थित श्रोताओं को बताया कि प्रेमी की दृष्टि में भगवान श्री राम का प्रगटोत्सव हुआ है किन्तु ज्ञानी की दृष्टि में ब्रम्ह अजर अमर है। राम प्रगटोत्सव के प्रसंग को आरेखित करते हुए महराज जी ने कहा कि राघव को बधाई देने के लिए नर नारी तो आईं ही साथ में सरजू मैया जी तक श्यामले सलोने की किलकारी सुनने को प्रगट हो गईं। राम की बाल लीला का ऐसा वर्णन व्यास जी ने किया मानो सीधी के मंच पर समूचा लोक और लोकाचार आ गया हो। राम के प्रगटोत्सव में जिस लोक रीति, लोक नीति, लोकमान्यता, लोकआस्था और लोकमंगल को अनुकरणीय प्रस्तुत किया गया उसे यह प्रमाणित हो गया कि रामकथा में ही भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित है। महराज जी ने बताया कि भगवान राम के आने से सभी प्रसन्न हुए लेकिन चन्द्रमा रोने लगा। चन्द्रमा ने कहा कि सूर्य को कहिए कि अपना रथ आगे बढायें तब तो हम आपके रूप रस का पान कर सकें। भगवान ने कहा कि मेरा भी जन्म सूर्यवंश में हुआ है इसलिए सूर्य के रथ को इधर उधर करना संभव नही किन्तु अगले जन्म में मैं जब आऊँगा तब अपने नाम के आगे सूर्यवंशी होते हुए भी चन्द्र लगाऊँगा और सारा जगत मुझे रामचन्द्र के नाम से जानेंगे। इतना सुनकर चन्द्रमा बहुत प्रसन्न हुआ और कहा हे नाथ आपने मुझे तो सब कुछ देदिया। कथा प्रसंग के आगे महराज जी ने कहा कि एक बार कागभुसुण्डी से कहा गुरुदेव मेरा हाथ मत छोड़ना नही भगवान के पास जाने पर भी भटक जाऊँगा। ऐसा कहकर कागभुसुण्डी ने गुरुदेव जी के चरण पकड़ लिये। इसीलिए कहा गया है कि हाथ साथ और पाथ यदि मिल जाय तो गुरुदेव के माध्यम से भगवान का दर्शन मिल जाता है। अतएव यह भजन भाव सार्थक तब हुआ जब कागभुसुण्डी ने कहा कि पकड़ लो हाथ बनबारी नही मैं डूब जाऊँगा। कथा के पूर्व लालमणि सिंह चौहान बरिष्ठ अधिवक्ता, मुकुटधारी सिंह पूर्व सीएमओ, श्रीमती कुमुदिनी सिंह, डॉ लहरी सिंह, डॉ रामसुशील शुक्ल तथा डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस आदि ने कथा व्यास बाला व्यंकटेश महराज जी का अभिनंदन किया। आगे की कथा में महराज जी ने कहा कि मानव तन की सार्थकता भगवद दर्शन में है। इसी दर्शन से भवसागर से पार होना संभव होगा। कथा में बाललीला का वर्णन करते हुए कथा प्रवक्ता ने यह भी उद्घाटित किया कि यदि श्री रामजी के नेत्र से नेत्र मिल गये तो फिर चित्रकूट अयोध्या और वृन्दावन ही याद आयेगा। अतएव मानव तन पाकर हमें यह प्रयास करना चाहिए कि राम की कृपा दृष्टि मुझ पर पड़ जाय तो मानव तन पाने की सार्थकता सिद्ध हो जाय। महराज जी ने आत्मविश्वास के साथ कहा कि भगवान की कथा प्रेम की है व्यवहार की नही।

श्रीराम कथा के प्रसंग के बीच बीच में श्री राम पर केन्द्रित रोचक तथ मनमोहक भजन कीर्तन होते रहे। पूजा पार्क में समुपस्थित रसज्ञ श्रोतागण राममय वातावरण में नाचते कूदते हुए श्री राम की बाल लीला का रसास्वादन करते रहे। पूजा पार्क की यह नौ दिवसीय राम कथा 11 जनवरी तक अविरल 2 बजे से 6 बजे तक चलती रहेगी।

## संपादकीय

### संवाद की कमी से लड़खड़ा रही है टीम इंडिया

खिलाड़ियों से संवाद कर उन्हें विश्वास में लेना चाहिए। भारतीय टीम एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है। युवा खिलाड़ियों का कुछ मुद्दों पर अपने मुख्य कोच के साथ एकराय न होना भी चिंता का विषय है। कहा तो यह भी जा रहा है कि पहले के दो कोच के कार्यकाल में जिस तरह संवाद होता था, अब नहीं होता। किसी भी खेल के मामले में परस्पर सहयोग की रणनीति और बेहतर संवाद से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है। पिछले कुछ समय से जिस तरह भारतीय क्रिकेट में उतार-चढ़ाव दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि खिलाड़ी पूरे आत्मविश्वास के साथ नहीं मैदान में नहीं उतर रहे। उन पर कहीं न कहीं कोई दबाव या निराशा है। टीम को सहेजने-संवारने और बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करने में कप्तान के साथ कोच की भी भूमिका बेहद अहम होती है। यह दुखद है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर जिस तरह की तल्खी का प्रदर्शन कर रहे हैं, उससे टीम के मनोबल तक पर असर पड़ सकता है। मेलबर्न टैस्ट में हार के बाद गंभीर ने पूरी टीम के लिए जिस तरह कुछ कड़े शब्द कहे, उससे तमाम कोशिशों के बावजूद ड्रेसिंग रूम का तनाव बाहर आ गया। अगर खिलाड़ियों के प्रदर्शन से गंभीर नाखुश हैं, तो उन्हें इसकी तह में जाना चाहिए। खिलाड़ियों से संवाद कर उन्हें विश्वास में लेना चाहिए। भारतीय टीम एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है। युवा खिलाड़ियों का कुछ मुद्दों पर अपने मुख्य कोच के साथ एकराय न होना भी चिंता का विषय है। कहा तो यह भी जा रहा है कि पहले के दो कोच के कार्यकाल में जिस तरह संवाद होता था, अब नहीं होता। सवाल है कि अगर ड्रेसिंग रूम में अशांति रहेगी और कड़वी भाषा में संवाद होगा, तो खिलाड़ियों से क्या उम्मीद की जा सकती है। गौतम गंभीर अपने दौर में आक्रामक खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उनका मुखर व्यक्तित्व है। मगर कभी-कभी उनका गुस्सा सभी का ध्यान खींच लेता है। वे राजनीति में भी सक्रिय रहे हैं, इसलिए शायद उन्हें जनता से संवाद करने और सभी को साथ लेकर चलने की अहमियत का अंदाजा होगा।

**अरविंद केजरीवाल के दिल्ली मॉडल का आधार चार स्तंभ हैं- सरकारी स्कूलों में अच्छी शिक्षा, लोगों के लिए मोहल्ला क्लीनिक, सस्ती बिजली और फ्री वाली योजनाएं। अरविंद केजरीवाल खुद कई मौकों पर इस बात का जिक्र कर चुके हैं कि वे ऐसे इकोनॉमिक मॉडल में विश्वास रखते हैं जहां पर समाज के सबसे गरीब तबके के हाथ में पैसा दिया जाए, फिर उस पैसे को वो गरीब मार्केट में लगाए और फिर उससे डिमांड-सप्लाई की चेन चलती रहे। इसी वजह से केजरीवाल महिलाओं के हाथ में महीने के पैसे दे रहे हैं। इसी वजह से वे बिजली बिल माफ कर रहे हैं, इसी वजह से उनकी तरफ से अब गलत पानी बिल भी माफ करने की बात कर दी गई है। इन फ्रीबीज के अलावा अरविंद केजरीवाल ने हेल्थकेयर पर काफी ध्यान दिया है। इसी का नतीजा है कि उन्होंने 2013 के बाद से ही राजधानी में मोहल्ला क्लीनिक का कॉन्सेप्ट शुरू कर दिया।**

# मोदी और केजरीवाल के मॉडल में क्या अंतर? जनादेश बताएगा- कौन असली 'विकास किंग'

(सुधांशु माहेश्वरी)

दिल्ली चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रियता बढ़ चुकी है। शुक्रवार को पीएम मोदी ने एक तरफ झुग्गी-झोपड़ी वालों को फ्लैट की चाबी दी तो वहीं दूसरी तरफ उनकी तरफ से दिल्ली की ही जनता को एक बड़ा संदेश भी दिया गया। उस संदेश के तहत उन्होंने कक को दिल्ली के लिए ही सबसे बड़ी 'आपदा' बता दिया। उनकी पहले ही संबोधन से साफ हो गया, चुनाव में असली लड़ाई तो दो विकास मॉडल की रहने वाली है- केजरीवाल का दिल्ली मॉडल बनाम मोदी का 'गुजरात मॉडल'। अब इन दो मॉडलों का जिक्र इसलिए क्योंकि एक के दम पर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं और दूसरे के दम पर अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का इस देश में विस्तार किया है। दोनों ही मॉडलों की चर्चा काफी ज्यादा होती है, दोनों ही दावा करते हैं कि विकास उनका केंद्र है। लेकिन एक सवाल तो मन में आता ही है- मोदी का गुजरात मॉडल और केजरीवाल का दिल्ली मॉडल आखिर है क्या? जिक्र तो कई बार हुआ, लेकिन दोनों में अंतर क्या है?



**केजरीवाल का दिल्ली मॉडल समझिए:** अरविंद केजरीवाल के दिल्ली मॉडल का आधार चार स्तंभ हैं- सरकारी स्कूलों में अच्छी शिक्षा, लोगों के लिए मोहल्ला क्लीनिक, सस्ती बिजली और फ्री वाली योजनाएं। अरविंद केजरीवाल खुद कई मौकों पर इस बात का जिक्र कर चुके हैं कि वे ऐसे इकोनॉमिक मॉडल में विश्वास रखते हैं जहां पर समाज के सबसे गरीब तबके के हाथ में पैसा दिया जाए, फिर उस पैसे को वो गरीब मार्केट में लगाए और फिर उससे डिमांड-सप्लाई की चेन चलती रहे।

इसी वजह से केजरीवाल महिलाओं के हाथ में महीने के पैसे दे रहे हैं। इसी वजह से वे बिजली बिल माफ कर रहे हैं, इसी वजह से उनकी तरफ से अब गलत पानी बिल भी माफ करने की बात कर दी गई है। इन फ्रीबीज के अलावा अरविंद केजरीवाल ने हेल्थकेयर पर काफी ध्यान दिया है। इसी का नतीजा है कि उन्होंने 2013 के बाद से ही राजधानी में मोहल्ला क्लीनिक का कॉन्सेप्ट शुरू कर दिया। इस कॉन्सेप्ट के तहत मुफ्त में ही लोगों को इलाज मिल जाता है।

अब मोहल्ला क्लीनिक को लेकर कहा जाता है कि हर बीमारी का इलाज यहां नहीं हो पाता, लेकिन सामान्य बीमारियों के लिए अब दूर-दूर जाना भी नहीं पड़ता। असल में केजरीवाल ने एक ऐसा नेरेटिव सेट कर दिया है कि जिन मुद्दों के बारे में दूसरी पार्टियां ज्यादा बात नहीं करती थीं, उन मुद्दों के दम पर ही उन्होंने चुनाव लड़ने का काम किया है। वो मुद्दे हैं- शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार। यहां भी क्योंकि अब लगातार आम आदमी पार्टी अपने वादों को 'गारंटी' का नाम देती है, उसने भी दिल्ली और पंजाब में तो जरूर विश्वनीयता की दीवार खड़ी कर दी है।

**मोदी का मॉडल समझिए:** अब बात अगर पीएम मोदी के गुजरात मॉडल की करें तो यहां पर महत्वकांक्षाएं ज्यादा दिखाई पड़ती हैं। उन बड़े सपनों को पूरा करने की कोशिश होती है जो भविष्य में देश को आधुनिक बना सकते हैं, आत्मनिर्भर बना सकते हैं और विकसित बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ा सकते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण गुजरात की ज्यादातर छतों पर जब सोलर पैनल दिखाई पड़ते हैं।

अब उसी स्कीम को आगे बढ़ाने के लिए पूरे देश में सूर्योदय योजना शुरू कर दी गई है। इसे महत्वकांक्षी कदम ही माना जाएगा क्योंकि किसी मिडिल क्लास या फिर गरीब के लिए इसकी तुरंत वाली आवश्यकता नहीं है, लेकिन भविष्य में इसी के दम पर रिन्यूएबल एनर्जी की दिशा में और आगे बढ़ा जा सकता है। गुजरात मॉडल का ही हिस्सा इंफ्रास्ट्रक्चर पर दिख रहा सरकार का जरूरत से ज्यादा फोकस है। वैसे तो एनडीए सरकार की यह पहचान बन चुकी है कि उनके कार्यकाल में सड़कों-हाइवों का काफी विस्तार होता है।

अटल बिहारी वाजपेयी ने अगर गोल्डन क्वाडिलेट्रल शुरू किया था तो पीएम मोदी ने भारतमाला प्रोजेक्ट को विस्तार देने का काम किया। यानी कि मोदी मॉडल का अगर जिक्र होगा तो वहां अच्छी सड़कें, ढेर सारे हाइवे, अत्याधुनिक टनल्स का जिक्र ज्यादा रहेगा। गुजरात मॉडल की ही एक और विशेषता तकनीक है, एक आम आदमी की जिंदगी में सरकार का दखल कैसे कम किया जाए, इस पर ध्यान केंद्रित दिखता है।

पीएम मोदी के कार्यकाल को अगर देखा जाए तो डिजिटल इंडिया को काफी एक्सपैंड किया गया है। डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर शुरू जरूर यूपीए कार्यकाल में हुआ, लेकिन उसका असल फायदा कई लोगों को अब दिखता है। हर योजना का पैसा सीधा अकाउंट में आना एक बड़ी बात है। इसके ऊपर जिस तरह से कई काम अब पेपरलैस कर दिए गए हैं, इसमें भी सरकार की विचारधारा दिख जाती है। देश का बजट ही अगर देख लिया जाए तो अब टैबलेट के जरिए वित्त मंत्री अपना संबोधन देती हैं। बीमा ऑनलाइन होने लगा है, संसद का सारा काम इंटरनेट के जरिए चल रहा है, ऐसे में तकनीक का प्रभावशाली तरीके से इस्तेमाल मोदी मॉडल की पहचान बन गई है।

मोदी-केजरीवाल मॉडल की समानता

वैसे मोदी और केजरीवाल मॉडल में एक समानता भी है, योजना का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक जरूर पहुंचे। अगर केजरीवाल गरीब महिलाओं को महीने का पैसे दे रहे हैं, पीएम मोदी भी अपनी योजना के जरिए लगातार राशन बांट रहे हैं। इसी तरह दोनों के ही मॉडल में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का नेरेटिव भी तगड़ा काम करता है। नेरेटिव इसलिए क्योंकि विवाद में पीएम मोदी की सरकार भी रही है और दिल्ली में केजरीवाल की भी।

अब दिल्ली के चुनाव में अरविंद केजरीवाल और पीएम नरेंद्र मोदी के मॉडल की असल परीक्षा होने जा रही है। कहना चाहिए विचारधारा के साथ-साथ किन मुद्दों पर चुनाव लड़ा जाएगा, उसका फैसला यह दोनों मॉडल ही करने जा रहे हैं। अभी तक तो दिल्ली को केजरीवाल मॉडल रास आ रहा था, लेकिन इस चुनाव में जनता का कैसा मूड रहता है, यह देखना काफी दिलचस्प होगा। वैसे दिलचस्प तो चुनाव इसलिए भी हो गया है क्योंकि बीजेपी ने भी अपनी पहली प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है।

# महाकुंभ मेले में चर्चा का विषय बने तीन फीट के छोटू बाबा, 32 साल से नहीं किया स्नान

(धर्मेंद्र सिंह )

श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बने छोटू की लंबाई सिर्फ 3 फीट 8 इंच है। बाबा ने 32 साल से नहीं नहाने का दावा किया है। उनका यह दावा भी का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। अबी महाकुंभ मेले के दौरान यहीं रहने वाले हैं।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ मेला 2025 की शुरुआत होगी, जो 26 फरवरी तक चलेगा। इससे पहले महाकुंभ मेला में साधु-संतों की आने की शुरुआत हो चुकी है। इस मेले में नागा साधु सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र होते हैं। हालांकि, इस दौरान कई ऐसे साधु भी पहुंचते हैं, जो अपने अनोख अंदाज की वजह से आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं। महाकुंभ में असम के कामाख्या पीठ से आए 57 वर्षीय गंगापुरी महाराज भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए हैं। गंगापुरी महाराज को छोटू बाबा भी कहा जाता है। श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बने छोटू की लंबाई सिर्फ 3 फीट 8 इंच है। बाबा ने 32 साल से नहीं नहाने का दावा किया है। उनका यह दावा भी का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। अबी महाकुंभ मेले के दौरान यहीं रहने वाले हैं। गंगा, यमुना और सरस्वती नदीं के संगम किनारे छोटू बाबा ने भी अपना कैंप लगाया है।



**32 साल से नहीं नहाने के पीछे की वजह**: यहां आने वाले श्रद्धालु उनसे मिलते हैं और बातचीत करते हैं। वह लोगों को आशीर्वाद भी देते हैं। छोटू बाबा का अलग अंदाज मेले में लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। उन्होंने अपने बारे में कई दिलचस्प बाते बताई हैं। उन्होंने 32 साल से नहीं नहाने की पीछे का कारण भी बताया है। गंगापुरी महाराज ने मैंने 32 साल से स्नान नहीं किया है, क्योंकि मेरी एक इच्छा अभी तक पूरी नहीं हुई है। मैं गंगा में स्नान नहीं करूंगा। हालांकि, उन्होंने महाकुंभ मेले में शामिल होने पर कहा कि मुझे यहां आकर खुशी है। आप सभी यहां हैं, यह देखकर भी मैं खुश हूं।

गंगापुरी महाराज अपने गुप्त संकल्प को सार्वजनिक नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि जब उनका संकल्प पूरा हो जाएगा, तो वह सबसे पहले क्षिप्रा नदी में डुबकी लगाएंगे। उनका मानना है कि बाहरी स्वच्छता से आंतरिक शुद्धता अधिक जरूरी है।

**प्रयागराज महाकुंभ में पहले बार आए:** प्रयागराज महाकुंभ में गंगापुरी महाराज पहली बार आए हैं। गंगापुरी महाराज जूना अखाड़े के नागा संत हैं। वह असम की कामाख्या पीठ से जुड़े हैं। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि सड़क पर निकलते ही लोग उनके साथ फोटो खींचने और सेल्फी लेने की कोशिश करते हैं। इसके कारण वह शिविर में छिपकर या गंगा के तट पर एकांत में साधना करते हैं।

## वर्ग पहेली 5605



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1919 को इस देश ने खुद को ब्रिटेन से आजाद घोषित किया (6)
7. घर्षण करना, रगड़ना, धीरे-धीरे घिसना (3)
8. वर देने वाला, वर दायक (4)
9. सर्वसाधारण, जनता (2)
10. प्रकार, जेवर, गहना (3)
11. अंधेरा, अंधकार, कालिख, कालिमा (2)
12. प्रसिद्ध संगीतकार आरडी बर्मन इस नाम से भी जाने जाते थे, पांचवा (3)
14. पश्चिमी अफ्रिका के घाना देश की राजधानी (3)
16. संगी, मित्र, सखा, दोस्त (2)
17. गले से नीचे पेट में उतारना, निगलना (3)
18. सार, जगत का मूल कारण, एलिमेंट (2)
19. अप्राप्त, जो जल्दी न मिल सके, दुर्लभ, मुश्किल (3)
20. हलफ, सौगंध, कसम (3)
21. मुनाफा, फायदा, हित, मिलना, प्राप्ति (2)

**ऊपर से नीचे**

1. यह नाम सरोदवादन के साथ जुड़ा है (7)
2. परिणाम उत्पन्न करना, फलना (3)
3. गीत प्रस्तुत करना, स्तुति करना (2)
4. स्तुति करने वाला, स्तुति वादक (3)
5. नरम दिल का व्यक्ति (5)
6. आय-व्यय एवं लेन-देन आदि का लेखा, अनाज रखने का गड्डा (2)
10. प्रेमकर्ता, आनंदप्रद, एक प्रकार की विलायती मदिरा (2)
11. गीत, नगमा (3)
13. बड़े होने का भाव, गुरुता, अधिक परिणाम जनक (3)
15. अव्यक्त मधुर ध्वनि, बीता या आने वाला दिन (2)
16. वाराणसी के समीप (करीब 6 किमी उत्तर-पूर्व में स्थित बौद्धों का एक तीर्थस्थल, सारंगनाथ)(4)
18. जाकिर हुसैन नाम इस वाद्य के साथ जड़ा है (3)

### वर्ग पहेली 5604 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ग | री | | पा | र | स | |
| स | म | ता | पा | र्टी | | वा | दा |
| | | फा | ल | | ज | ल | द |
| न | | रि | | रा | ह | ज | नी |
| फ | रि | या | द | | र | वा | |
| र | त | | रि | द | | ब | ल |
| त | ना | व | दा | र | | | आ |
| | | ह | | मा | ल | दी | व |

# भाजपा ने दिया दिग्गजों को मौका, बागियों पर भी दांव,पहली लिस्ट से मिले बड़े संकेत

(पुष्पेंद्र कुमार)

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी की कुल 70 सीटों में से 29 सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के नाम जारी किए हैं। इसमें कई दिग्गज नेताओं को मौका दिया गया है। इतना ही नहीं अरविंद केजरीवाल की पार्टी को छोड़कर जाने वाले नेताओं को भी बीजेपी ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

बागियों पर बीजेपी ने लगाया दांव

दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री रहे राजकुमार आनंद को पहले तो बहुजन समाज पार्टी के साथ में गए। इसके कुछ ही वक्त बाद वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। अब बीजेपी ने उन्हें पटेल नगर विधानसभा सीट से ही उम्मीदवार बनाया है। वहीं केजरीवाल से बागी हुए छतरपुर के विधायक करतार सिंह तंवर को भी बीजेपी ने टिकट दिया है। उन्हें छतरपुर सीट से ही बीजेपी ने चुनावी दंगल में उतारा है।

दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत को भारतीय जनता पार्टी ने बिजवासन से टिकट दिया है। वह अभी नजफगढ़ विधानसभा सीट से विधायक हैं। आप सरकार में मंत्री बिजवासन से ही टिकट चाह रहे थे। बीजेपी ने उनकी इच्छा को पूरा करते हुए बिजवासन से ही चुनावी दंगल में उतारा है। कैलाश गहलोत को नजफगढ़ से चुनाव लड़ाया जाएगा या बिजवासन से यह काफी चर्चा का विषय बना हुआ था।

राजकुमार चौहान भी कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे। उन्हें बीजेपी ने मंगोलपुरी से टिकट दिया है। इसके अलावा पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के खिलाफ जंगपुरा से तरविंदर सिंह मारवाह को टिकट दिया गया है। कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए अरविंदर सिंह लवली को भी बीजेपी ने गांधी नगर विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। मनजिंदर सिंह सिरसा को भी राजौरी गार्डन से मैदान में उतारा गया है।

**बीजेपी ने इन दिग्गजों को भी चुनावी दंगल में उतारा:** भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व बीजेपी सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा को नई दिल्ली सीट से दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा है। दक्षिण दिल्ली से 2024 तक बीजेपी सांसद रहे रमेश बिधूड़ी मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। बिधूड़ी को बीजेपी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया। कांग्रेस ने कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से अलका लांबा को मैदान में उतारा है। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता, अनुभवी ओम प्रकाश शर्मा, अजय महावर और जितेंद्र महाजन समेत मौजूदा बीजेपी विधायक क्रमशः रोहिणी, विश्वास नगर, घोंडा और रोहतास नगर से फिर से चुनाव लड़ेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज करियर के मामले में दिन परेशानी वाला हो सकता है और आपके जीवन में समस्याएं काफी बढ़ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी और उसका भी आपको मीठा फल मिलेगा। शाम के समय आपके घर में अतिथियों के आगमन से खर्च बढ़ सकता है।

**वृष**

आज दिन काफी परेशानियों वाला रहेगा और आपके जीवन में कोई नई परेशानी पैदा हो सकती है। किसी कार्य की अधिकता के कारण आपकी सेहत पर बुरा असर हो सकता है। खानपान पर विशेष नियंत्रण रखें। कला और साहित्य में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी और आपकी रुचि पैदा होगी।

**मिथुन**

आज करियर के मामले में लाभ का दिन है। आपके सभी कार्य सफलता से पूरे होंगे और आपका मूड भी सुबह से अच्छा रहेगा। सभी क्षेत्रों में बुद्धि और कौशल का प्रयोग करेंगे तो सफलता मिलेगी।

**कर्क**

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपका दिन सफलता के साथ प्रगति से भरा होगा। बड़े बुजुर्ग को कार्यक्षेत्र में हर संभव मदद मिलेगी और आपको हर मामले में दोस्तों का साथ मिलेगा। खर्चों में कटौती करें नहीं तो कष्ट उठाना पड़ सकता है।

**सिंह**

आज करियर के मामले में दिन मिलाजुला रहेगा और आपको साहस व धैर्य से काम लेना होगा, किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में प्रगति की बहुत संभावनाएं हैं। आपके धन में वृद्धि होगी रुके कार्य पूर्ण होंगे। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा। लेनदारियां वापस आने का समय है।

**कन्या**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि के योग हैं। राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में तनाव की स्थिति रहेगी। विद्यार्थियों को परिश्रम की आवश्यकता है। परिवार में संपत्ति को लेकर भी कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है।

**तुला**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके पराक्रम व धन में वृद्धि होगी। न्यायिक मामलों में लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के शीर्ष पर पहुंचेंगे। अचल संपत्ति के व्यापार से लाभ होगा। संतान की सफलता के समाचार से आप आनन्दित होंगे।

**वृश्चिक**

आज दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा और आपका दिन आनंद के साथ बीतेगा। आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अच्छे अवसर मिलेंगे। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में परिश्रम, साहस की आवश्यकता है। शत्रु पक्ष कमजोर होगा।

**धनु**

आज दिन रणनीति बनाने का है। प्रतियोगिता या परीक्षा में सफलता के लिए उचित योजना बनाएं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। रात में माता को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। आपको इसके लिए काफी दौड़भाग करना पड़ सकती है और आपका कोई अपना भी आपके पीछे लगा रहेगा।

**मकर**

आज करियर में तरक्की के योग हैं और आपके सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आपको कोई जरूरी सुव्यवस्था का काम सौंप सकता है। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में नए संपर्क बनेंगे। शिक्षा क्षेत्र में विशेष प्रगति होकर समाज में सम्मान मिलेगा।

**कुंभ**

आज हर मामले में बहुत ही सावधान रहने की सलाह है। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें। व्यय की अधिकता के कारण आज किसी से कर्जा भी लेना पड़ सकता है। पारिवारिक कार्यों में दौड़ धूप रहेगी। आप अपनी कार्यकुशलता से दूसरों को प्रभावित कर सकते हैं और आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

**मीन**

आज आय और बचत दोनों में वृद्धि देखने को मिलेगी और अच्छा लाभ होने से धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि भी बढ़ेगी। घरेलू स्तर पर पूजा पाठ आदि कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है और दोस्तों के साथ कहीं बाहर घूमने का प्लान बना सकते हैं। व्यापारियों को कल बिजनस में कुछ नया करने का मौका भी मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की दम घुटने से मौत

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में बीती रात एक ही परिवार के पांच सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार कमरे में हीटिंग गैजेट (ब्लोअर) चलाकर सो गए थे। वे सभी किराए के मकान में रहते थे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं पुलिस घटना की जांच में जुटी है। अधिकारियों के अनुसार मृतकों में माता-पिता और उनके दो नाबालिग बच्चे तथा 28 दिन पहले ही पैदा हुआ एक शिशु शामिल है। परिवार के मुख्य सदस्य पिता की पहचान एजाज अहमद भट के रूप में हुई है। वह एक निजी होटल ललित ग्रैंड पैलेस में शेफ था। वह मूल रूप से बारामुल्ला जिले के उरी का रहने वाला था, लेकिन पिछले दो महीनों से यहां किराए के मकान में रह रहा था। मकान के मालिक मुख्तार अहमद ने खुलासा किया कि उन्हें पीड़ित भट की मां ने सचेत किया था। वह अपने बेटे से संपर्क करने में असमर्थ थी। मुख्तार ने कहा, उसने मुझे फोन किया और बताया कि एजाज शाम 4 बजे से उसके फोन का जवाब नहीं दे रहा है। मैंने दूसरे किराएदार को उन्हें देखने के लिए भेजा। मुख्तार ने कहा, जब किराएदार ने दरवाजा खटखटाया और कोई जवाब नहीं मिला तो हमने जबरदस्ती दरवाजा खोला और एजाज उसकी पत्नी और उनके तीन बच्चों को मृत पाया। अधिकारियों ने कहा कि संदिग्ध दम घुटने की वजह हीटिंग गैजेट (ब्लोअर) थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज श्रीनगर और अस्पताल ले जाया गया। साथ ही जांच की कार्रवाई शुरू कर दी गई। घाटी की सबसे ठंडी रातों में हीटिंग उपकरणों के इस्तेमाल ने सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ा दी हैं। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि हीटिंग गैजेट्स के अनियंत्रित इस्तेमाल से कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर बढ़ सकता है। इससे कमरों में ऑक्सीजन की कमी हो जाता है और इससे दम घुटने की समस्या हो सकती है। हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के भद्रवाह कस्बे में नये साल का जश्न मनाने आए तीन युवकों की इसी तरह से मौत हो गई थी। तीनों एक गेस्ट हाउस में मृत पाए गए थे।

### ओडिशा के मुख्यमंत्री ने आदिवासी मेले का उद्घाटन किया



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को यहां वार्षिक आदिवासी मेले का उद्घाटन किया और आदिवासी छात्रों के स्कूली पढ़ाई अधूरी छोड़ने की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से शहीद माधो सिंह हाथ खर्चा योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत सरकार राज्य भर के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में नौवीं और 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले प्रत्येक आदिवासी छात्र को 5,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। शहीद माधो सिंह हाथ खर्चा योजना की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री ने रविवार को 1.6 लाख आदिवासी छात्रों को 80 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता हस्तांतरित की। माझी ने कहा, यह देखा गया है कि कई आदिवासी छात्र अपने परिवार के लिए रोजीरोटी कमाने और माता-पिता की मदद करने के लिए पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते हैं। इसलिए आदिवासी छात्रों की पढ़ाई छोड़ने की समस्या को दूर करने के लिए सरकार नयी योजना शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर साल लगभग दो लाख आदिवासी छात्रों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगी।

### युवा धर्म, जाति का दुरुपयोग करने वाली विभाजनकारी ताकतों से दूर रहें : सिद्धरमैया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने रविवार को दावा किया कि विभाजनकारी ताकतें कर्नाटक और देश में शांति को बाधित करने के लिए धर्म और जाति का दुरुपयोग कर रही हैं, जिससे प्रगति बाधित हो रही है। उन्होंने युवाओं से ऐसी ताकतों से दूर रहने और अपने भविष्य की रक्षा करने का आह्वान किया। यहां राज्य स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान युवाओं में सामाजिक रूप से जिम्मेदार दृष्टिकोण विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। सिद्धरमैया ने कहा, ''जब युवा सामाजिक चेतना के साथ बढ़ते हैं, तो वे राष्ट्र की संपत्ति बन जाते हैं। इसे हासिल करने के लिए उन्हें वैज्ञानिक और तर्कसंगत शिक्षा लेनी चाहिए, समान अवसर पैदा करने चाहिए और समाज की प्रगति में योगदान देना चाहिए।'' उन्होंने युवाओं से आग्रह करते हुए कहा, ''संविधान का सार सभी को समझना चाहिए। यह सभी नागरिकों के लिए आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है और सभी को अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करने की अनुमति देता है। इस संविधान की वजह से ही मैं मुख्यमंत्री बन सका।

# बस किराया में 15 प्रतिशत वृद्धि के खिलाफ बेंगलुरु में प्रदर्शन, सरकार से फैसला वापस लेने की मांग




**बेंगलुरु, एजेंसी।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया-कम्युनिस्ट (एसयूसीआई-सी) के कार्यकर्ताओं ने रविवार को कर्नाटक सरकार के बस किराये में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने के फैसले के विरोध में प्रदर्शन किया। बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में विरोध प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने किराया वृद्धि को तुरंत वापस लेने की मांग की।

उनका दावा है कि इससे राज्य के मध्यम और निम्न आय वर्ग पर भारी बोझ पड़ेगा। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए एसयूसीआई (सी) के जिला समिति सदस्य गंगाधर बडिगर ने सरकार के इस कदम की आलोचना की। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब लोग पहले से ही खाद्यान्न और ईंधन जैसी आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं, बस किराये में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी आम आदमी के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है। सार्वजनिक परिवहन गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए जीवन रेखा है, और इतनी भारी बढ़ोतरी अनुचित है। उन्होंने कहा, हम सरकार से आम लोगों के हित में किराया वृद्धि को तुरंत वापस लेने का आग्रह करते हैं।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले एसयूसीआई(सी) के एक अन्य जिला समिति सदस्य विनय सारथी ने राज्य की परिवहन नीतियों के बारे में चिंता जताई। उन्होंने कहा, सरकार सार्वजनिक परिवहन निगमों को निजी संस्थाओं में बदलने को सही ठहराने के लिए वित्तीय घाटे की बनावटी कहानी गढ़ रही है। लोगों को इस सरकार की इस चाल को समझना चाहिए और ऐसी जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। सरकारी परिवहन एक बुनियादी जरूरत है, और इसे महंगा बनाना लोगों को उनके किफायती आवागमन के मौलिक अधिकार से वंचित करना है।

### बस किराया में वृद्धि जनविरोधी फैसला

प्रदर्शनकारियों ने किराया वृद्धि को जनविरोधी बताया और बताया कि यह उन लोगों को कैसे प्रभावित करता है जो दैनिक आवागमन के लिए बसों पर निर्भर हैं, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में आने वाले लोग। उन्होंने कहा, काम और आवश्यक जरूरतों के लिए गांवों और तालुकों से शहरों की यात्रा करने वाले गरीब लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार की भी आलोचना की और उस पर जनविरोधी नीतियों को लागू करने में पिछले प्रशासन के नक्शेकदम पर चलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा को किराया वृद्धि की आलोचना करने का कोई नैतिक आधार नहीं है, क्योंकि उसके कार्यकाल में भी इसी तरह की वृद्धि की गई थी। उन्होंने तर्क दिया, भाजपा सत्ता में रहने के दौरान राज्य और केंद्र दोनों स्तरों पर किराया वृद्धि को नियंत्रित करने में विफल रही। एसयूसीआई (सी) की राज्य सचिव उमा के। ने एक बयान में कहा कि राज्य सरकार लोगों पर वित्तीय बोझ डालने के बजाय केएसआरटीसी के भीतर अक्षमताओं और भ्रष्टाचार को दूर करे। उन्होंने सरकारी कल्याण योजनाओं के तहत केएसआरटीसी को देय सब्सिडी का समय पर भुगतान करने का भी आह्वान किया।



### ट्रेन से नीचे गिरा यात्री, उठाने के लिए 700 मीटर पीछे लौटी तपोवन एक्सप्रेस

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां मुंबई-नांदेड़ तपोवन एक्सप्रेस शनिवार को मनमाड जंक्शन के पास 700 मीटर पीछे की दिशा में चली। ऐसा किसी तकनीकि समस्या की वजह से नहीं हुआ और न ही गलती से ट्रेन विपरीत दिशा में चलने लगी। दरअसल, ट्रेन को पीछे की ओर इसलिए चलाया गया ताकि घायल यात्री की जान बचाई जा सके। हालांकि ,घायल यात्री की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के 30 वर्षीय सरवर शेख के रूप में हुई है।

**कब हुई थी घटना?:** इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक इति पांडे ने कहा, ट्रेन के लोको पायलट ने कंट्रोलर से अनुमति ली और घायल यात्री को लेने के लिए ट्रेन को पीछे की ओर मोड़ दिया। उन्होंने बताया की शनिवार को सुबह 11 बजे के आसपास यह असामान्य घटना हुई, जब किसी ने इमरजेंसी चेन खींच दी थी, जिसके कारण ट्रेन रुक गई। मनमाड स्टेशन के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ट्रेन के गार्ड एसएस कदम को यात्रियों से पता चला कि तीसरे कोच से एक व्यक्ति गिर गया है। कदम ने लोको पायलट एमएस आलम से संपर्क किया, जिन्होंने फिर कंट्रोलर से संपर्क किया और वापस जाने की अनुमति मांगी। इस दौरान तपोवन एक्सप्रेस के पीछे चल रही एक मालगाड़ी को पिछले स्टेशन पर ही रोक दिया गया, ताकि बाद में वापस आकर घायल व्यक्ति को ले जाया जा सके। साथी यात्रियों ने घायल शेख को ढूंढ़ा और उसे उठाया, जिसके बाद ट्रेन मनमाड स्टेशन के लिए रवाना हुई। मनमाड स्टेशन रेल अधिकारियों ने एक एम्बुलेंस की व्यवस्था कर रखी, जिसमें शेख को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद एक्सप्रेस ने नांदेड़ के लिए अपनी यात्रा जारी रखी।

## धनंजय मुंडे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए जरांगे पर मामला दर्ज



**बीड, एजेंसी।** महाराष्ट्र के बीड जिले में पुलिस ने मंत्री धनंजय मुंडे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और समाज के दो वर्गों के बीच फूट पैदा करने के आरोप में मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के खिलाफ रविवार को एक प्राथमिकी दर्ज की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तुकाराम अघव नामक व्यक्ति की शिकायत पर परली थाने में जरांगे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। शनिवार को परभणी में एक रैली के दौरान जरांगे ने बीड के मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता मुंडे पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि अगर देशमुख के परिवार को नुकसान पहुंचाया गया, तो मराठा समुदाय मुंडे को सड़कों पर चलने की इजाजत नहीं देगा। जरांगे की टिप्पणी से मुंडे के समर्थक नाराज हो गए। उन्होंने बीड के शिवाजीनगर थाने के बाहर विरोध-प्रदर्शन करते हुए जरांगे के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। देशमुख की नौ दिसंबर को हत्या कर दी गई थी, क्योंकि उन्होंने बीड में पवनचक्की परियोजना संचालित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली की कोशिश को रोकने का प्रयास किया था। मुंडे के सहयोगी वाल्मीक कराड को देशमुख की हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

## भारत को मिला पहला जनरेशन बीटा बेबी बॉय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2025 में दुनिया में 'जनरेशन बीटा' का आगमन हुआ। भारत को इस पीढ़ी का पहला बच्चा नए साल के दिन 1 जनवरी को मिजोरम के आइजोल में मिला। ऑल इंडिया रेडियो न्यूज के अनुसार फ्रेंकी रेमरूआतदिका जेडेंग नाम के इस बच्चे का जन्म 1 जनवरी को सुबह 12:03 बजे आइजोल के डर्टलैंग के सिनॉड अस्पताल में हुआ, जो बीटा जनरेशन का पहला बच्चा है। जन्म के समय बच्चे का वजन 3.12 किलोग्राम था और इसने नई पीढ़ी के युग की शुरुआत को चिह्नित किया। अस्पताल के लॉम्ना वार्ड की सिस्टर लालछुआनावमी ने कहा कि बच्चा स्वस्थ है और उसे कोई कॉम्पलीकेशन नहीं है। आकाशवाणी न्यूज आइजोल के अनुसार फ्रेंकी परिवार का सबसे नया सदस्य है, जिसमें उनकी बड़ी बहन, मां रामजिरमावी और पिता जेडडी रेमरुअत्संगा शामिल हैं। परिवार आइजोल के खटला ईस्ट इलाके में रहता है।मां ने देश को उसका पहला बीटा बच्चा देने पर अपनी खुशी व्यक्त की।

**जनरेशन बीटा शब्द कहां से आया? :** बता दें कि भविष्यवादी मार्क मैक्रिंडल ने 2025 और 2039 के बीच जन्म लेने वाले शिशुओं को परिभाषित करने के लिए बीटा शब्द गढ़ा है। उन्होंने कहा कि 2035 तक वे वैश्विक आबादी का 16 प्रतिशत हिस्सा बन जाएंगे। अपने ब्लॉग पोस्ट में मैक्रिंडल ने बताया कि वे जनरेशन वाई (मिलेनियल्स) और पुराने जनरेशन जेड के बच्चे होंगे, उन्होंने कहा कि जनरेशन बीटा के कई बच्चे 22वीं सदी तक जीवित रहेंगे।

पोस्ट ने आगे स्पष्ट किया कि इसने पिछली और नई पीढ़ी को अल्फा और बीटा नाम दिया है, जो न केवल नई पीढ़ियों को दर्शाता है, बल्कि पहली पीढ़ियों को भी दर्शाता है जो पूरी तरह से अलग दुनिया द्वारा आकार लेंगे। इसलिए हमने ग्रीक अल्फाबेट का उपयोग करना शुरू किया, ताकि यह दर्शाया जा सके कि इन विभिन्न पीढ़ियों को टेक्नोलॉजिकल इंटिग्रेशन की नई दुनिया में कैसे पाला जाएगा?

**विकासशील दुनिया में एक महत्वपूर्ण अध्याय :** मैक्रिंडल की साइट ने यह भी उल्लेख किया कि जेन बीटा विकासशील दुनिया में एक महत्वपूर्ण अध्याय का प्रतिनिधि है। उनके काम ने स्पष्ट किया कि जेन बीटा में एक सहज डिजिटल और भौतिक दुनिया होगी, और कहा कि यह ऐसे युग में रहेगा जहां शिक्षा और वर्कप्लेस से लेकर स्वास्थ्य सेवा और मनोरंजन तक, एआई और ऑटोमैशन रोजमर्रा की ज़िंदगी में पूरी तरह से शामिल हैं। मैक्रिंडल ने कहा कि जनरेशन बीटा प्रौद्योगिकी में सफलताओं, विकसित होते सामाजिक मानदंडों और स्थिरता और वैश्विक नागरिकता पर बढ़ते ध्यान द्वारा आकार लेने वाली दुनिया में विकसित होगा।

------

## तेलंगाना सरकार 26 जनवरी से किसानों के लिए रायथु भरोसा योजना लागू करेगी



**हैदराबाद , एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को घोषणा की कि राज्य में किसानों के लिए रायथु भरोसा निवेश सहायता योजना का कार्यान्वयन और नए पीडीएस राशन कार्ड का वितरण 26 जनवरी से शुरू किया जाएगा। यहां राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए रेड्डी ने कहा कि रायथु भरोसा योजना के तहत किसानों को हर साल प्रति एकड़ 12,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे, जो सत्तारूढ़ कांग्रेस का चुनावी वादा था। उन्होंने कहा कि भूमिहीन कृषि परिवारों को इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा योजना के तहत प्रति वर्ष 12,000 रुपये मिलेंगे। रेड्डी ने यह भी कहा कि जिन परिवारों के पास वर्तमान में राशन कार्ड नहीं है, उन्हें 26 जनवरी से नए राशन कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दोनों योजनाएं देश का संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 26 जनवरी से शुरू की जाएंगी। रेड्डी ने कहा कि रायथु भरोसा योजना का लाभ कृषि के लिहाज से उपयुक्त सभी भूमि के लिए दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य राज्य का राजस्व बढ़ाना और उसे गरीब लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे राज्य के वित्तीय संसाधन बेहतर होंगे, सरकार इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा योजना की राशि बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नई योजना में हर एकड़ खेती योग्य भूमि को सूचीबद्ध किया जाएगा और राज्य के राजस्व विभाग को खेती योग्य भूमि पर एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया है।

## केरल: वन विभाग में तोड़फोड़ करने के आरोप में विधायक पीवी अनवर गिरफ्तार



नीलांबुर पुलिस ने अनवर और 10 अन्य कार्यकर्ताओं को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के साथ-साथ सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया।

**मल्लापुरम, एजेंसी।** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि केरल के नीलांबुर से निर्दलीय विधायक पीवी अनवर को हाथी के हमले में एक आदिवासी व्यक्ति की मौत के विरोध में जिला वन विभाग में कथित रूप से तोड़फोड़ करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया गया। उन्हें दालत ने तवनूर जेल भेज दिया है। अनवर ने केरल सरकार और वन विभाग की भी आलोचना की थी, उन्होंने आरोप लगाया था कि मानव-पशु संघर्ष को संबोधित करने में वन्यजीव कर्मियों की लापरवाही के कारण शनिवार को मणि नामक आदिवासी व्यक्ति की मौत हो गई। अनवर ने दावा किया कि वन मंत्री ने क्षेत्र का दौरा नहीं किया और न ही पीड़ित परिवार को सांत्वना देने की कोशिश की। उन्होंने अधिकारियों पर जानबूझकर पोस्टमार्टम प्रक्रिया में देरी करने का आरोप भी लगाया। विधायक ने कहा कि एक व्यक्ति की जान चली गई है। और भी लोगों की जान खतरे में है। वन विभाग द्वारा कोई प्रभावी हस्तक्षेप या जांच नहीं की जा रही है। स्वाभाविक रूप से, विरोध प्रदर्शन होंगे। अनवर की ओर से स्थापित सामाजिक सामूहिक संगठन डेमोक्रेटिक मूवमेंट ऑफ केरल (डीएमके) के कार्यकर्ताओं ने रविवार को जिला वन विभाग के सामने विरोध प्रदर्शन किया। उनमें से दस ने कथित तौर पर कार्यालय में जबरन घुसकर कमरे में तोड़फोड़ भी की।

**हाथी का हमला :** शनिवार शाम को, चोलनायकन समुदाय के 37 वर्षीय मणि को छह अन्य लोगों के साथ करुलाई वन क्षेत्र में पूचप्पारा बस्ती से गुजरते समय एक जंगली हाथी ने कुचल दिया। समूह शाम 6:45 बजे मणि के बच्चों को आदिवासी छात्रावास में छोड़ने के बाद अपने गांव लौट रहा था। दो बुजुर्ग, 18-19 वर्ष की आयु के तीन युवा और मणि का पांच वर्षीय बच्चा बिना किसी चोट के भागने में सफल रहे। हालांकि, मणि को नीलांबुर के एक सरकारी अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

## भारतीय सेना में प्रमोशन का नियम बदला, जानें कब से और किन पदों पर होगा लागू



**हैदराबाद, एजेंसी।** भारतीय सेना ने अपने अधिकारियों के लिए प्रमोशन की व्यवस्था में बदलाव किया है। सेना अब थिएटर कमांड व्यवस्था लाने के साथ ही अब सभी लेफ्टिनेंट जनरलों की उनके प्रदर्शन के आधार ही मेरिट सूची तैयार की जाएगी। सेना की यह नई प्रणाली 31 मार्च 2025 से लागू होगी। इसका उद्देश्य मेरिट के आधार पर चयन को बढ़ावा देना भी है। बता दें कि भारत ने चीन, पाकिस्तान और हिंद महासागर क्षेत्र के लिए तीन थिएटर कमांड्स के लिए ब्लूप्रिंट को अंतिम रूप दिया है।

### नई नीति इन पदों पर लागू नहीं होगी

इंडियन आर्मी की यह नई नीति लेफ्टिनेंट जनरलों के लिए वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट फॉर्म के तहत लागू की जाएगी। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार यह नई नीति सेना के 6 ऑपरेशनल कमांड्स, एक ट्रेनिंग कमांड के वाइस चीफ और कमांडर इन चीफ पर लागू नहीं होगी। गौरतलब है कि भारत की सेना में करीब 11 लाख जवान हैं। इसमें अफसरों की की जाए तो 90 से अधिक लेफ्टिनेंट जनरल, 300 मेजर जनरल और 1,200 ब्रिगेडियर हैं।

### नौसेना और एयरफोर्स में पहले से है यही नियम

इंडियन एयरफोर्स और नौसेना में पदोन्नति को लेकर पहले से ही रैंक आधारित मूल्यांकन प्रणाली लागू है। वहीं अब सेना के तीनों विंग में प्रमोशन को लेकर एक समान नियम बन गया है। रिपोर्ट के अनुसरा एक अधिकारी ने कहा, लेफ्टिनेंट जनरल स्तर पर पहले कोई मेरिट की व्यवस्था नहीं थी, अब उन्हें 1 से 9 के पैमाने पर अलग-अलग कामों के आधार पर ग्रेड दिया जाएगा। इससे वरिष्ठता के बजाय मेरिट को प्राथमिकता दी मिलेगी।

### बदलाव का सेना के अधिकारी कर रहे विरोध

सेना में इस परिवर्तन का कुछ अफसरोंने विरोध भी किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, बहुत कम अधिकारी सेना की कड़ी संरचना में प्रत्येक चरण में मेरिट के आधार पर तय होते हैं और थ्री स्टार जनरल बनते हैं।



## हरभजन सिंह ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टीम चयन पर उठाए सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने हाल ही में संपन्न हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान टीम के चयन के लिए भारतीय प्रबंधन पर तीखा हमला किया। अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में हरभजन ने भारतीय टीम से इंग्लैंड टेस्ट दौरे के लिए खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर चयन करने का आग्रह किया, न कि उनके कद के आधार पर। भारतीय क्रिकेट टीम को 10 साल बाद बीजीटी BGT सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। यह सीरीज 3-1 से समाप्त हुई जिसके बाद भारत के सामने कुछ बड़े सवाल खड़े हो गए। हरभजन ने कहा, चयन कैसे किया गया? क्या सिडनी में इस पिच पर दो स्पिनरों को खेलने का कोई मतलब था, जहां उन्होंने गेंदबाजी भी नहीं की? इसलिए अपनी बल्लेबाजी को बढ़ाने के लिए आपने स्पिनरों को जोड़ा क्योंकि वे बल्लेबाजी कर सकते हैं। लेकिन आपने यह नहीं देखा कि अगर कोई और अच्छा सीमर होता, तो चीजें बेहतर हो सकती थीं।

वे जिद पर अड़े हुए हैं। यह टी20 प्रारूप नहीं है। टेस्ट क्रिकेट अलग तरह से खेला जाता है। दो स्पिनिंग ऑलराउंडरों में से रवींद्र जडेजा ने मैच में सिर्फ तीन ओवर फेंके, जबकि वाशिंगटन सुंदर ने दूसरी पारी के अंत में सिर्फ एक ओवर फेंका। आलोचना टीम के संयोजन तक सीमित नहीं थी। पूरी सीरीज में दो अनुभवी सितारों की मौजूदगी चर्चा का विषय रही। भारतीय दिग्गज विराट कोहली और रोहित शर्मा पांच टेस्ट मैचों में बल्ले से कम रन बनाने के कारण आलोचनाओं के घेरे में आ गए। दुनिया ने देखा कि आधुनिक समय के दो दिग्गज उस समय आउट हो गए जब टीम को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी, टेस्ट टीम में उनकी जगह को लेकर सवाल उठने लगे।

हरभजन ने प्रबंधन से खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर चयन करने का आग्रह किया। उनके अनुसार ऐसे परिदृश्य में जहां चयनकर्ता इंग्लैंड में अगले टेस्ट दौरे के लिए वरिष्ठ खिलाड़ियों को ही रखने का फैसला करते हैं, वरिष्ठ खिलाड़ियों को सीरीज से पहले काउंटी क्रिकेट खेलना चाहिए। उन्होंने कहा, चयन प्रदर्शन के आधार पर होना चाहिए, चाहे विराट हो या रोहित। कोई भी खिलाड़ी खेल से बड़ा नहीं होता, भले ही वे अपने दिमाग में खुद को सुपरस्टार समझते हों। अगर आप वरिष्ठ खिलाड़ियों को दौरे पर ले जाना चाहते हैं, तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि वे इंग्लैंड सीरीज से पहले काउंटी क्रिकेट खेलें।



## वर्ल्ड चैंपियन बनकर लौटे नीरज चोपड़ा को लोगों ने समझ लिया था कावड़िया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा आज एक जाना-माना नाम है। ओलंपिक में देश के लिए दो मेडल जीतने वाला यह खिलाड़ी भारतीय खेल इतिहास में खास जगह रखता है। नीरज ने एथलटिक्स की हर बड़ी चैंपियनशिप में देश के लिए मेडल जीता। आज वह जहां भी जाते हैं लोगों की भीड़ लग जाती है। हालांकि एक ऐसा समय भी था जब नीरज चोपड़ा वर्ल्ड चैंपियन बनकर लौटे तो लोगों ने उन्हे कावड़िया समझ लिया था।

नीरज चौपड़ा ने लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में 2016 का किस्सा बताया जब वह जूनियर वर्ल्ड चैंपियन बनकर लौटे थे। नीरज ने पोलैंड में जूनियर वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। उन्होंने 86.48 मीटर का थ्रो किया था जो कि वर्ल्ड रिकॉर्ड था। गोल्ड और वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करके वह भारत लौटे। उनके गांव में जश्न मनाने की पूरी तैयारी थी। नीरज को ट्रैक्टर पर तख्त पर खड़ा किया गया। उन्हें मालाएं पहनाई गई। साथ-साथ डीजे भी बज रहा था। यह वह समय था जब लोग कावड़ लेकर आते हैं। जब नीरज का काफिला सड़क पर था। तब उनके बगल से कावड़िया जा रहे थे।

# विराट कोहली, रोहित शर्मा, रवींद्र जडेजा का ये आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने अपने घर में खेली गई 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को 3-1 से करारी शिकस्त दी है. इसी के साथ कंगारू टीम ने बॉर्डर गावस्?कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है. सीरीज का पांचवां यानी आखिरी टेस्ट सिडनी में खेला गया, जिसके तीसरे दिन (5 जनवरी) ही ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज अपने नाम कर ली. बता दें कि भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच 1996-97 से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जा रही है. मगर इस बार का ऑस्ट्रेलियाई दौरा कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के लिए आखिरी साबित होगा.

### इन तीनों के लिए उनकी उम्र ही बाधा बनेगी

दरअसल, भारतीय टीम को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए अब अगला ऑस्ट्रेलिया दौरा 2029 में करना है. ऐसे में इन तीनों के लिए उनकी उम्र ही बाधा बनेगी. रोहित इसी साल 30 अप्रैल को 38 साल के हो जाएंगे. जबकि कोहली की उम्र 36 साल है. दूसरी ओर स्पिन ऑलराउंडर जडेजा हैं, जो पिछले ही महीने यानी 6 दिसंबर को 36 साल के हुए हैं. ऐसे में इन तीनों का अगला ऑस्ट्रेलिया दौरा नामुमकिन सा है. इस तरह इन तीनों का यह आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा साबित होगा. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत अगली टेस्ट सीरीज 2026-27 में होनी है. मगर तब कंगारू टीम को भारत दौरे पर आना होगा.

### रोहित के लिए बेहद खराब रहा ऑस्ट्रेलिया दौरा

मौजूदा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित शर्मा का बेहद ही खराब प्रदर्शन रहा है. हिटमैन ने इस ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 3 टेस्ट की 5 पारियों में सिर्फ 31 रन बनाए हैं. उनका औसत भी 6.20 का रहा, जो किसी पुछल्ले गेंदबाज से भी कम का है. जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप ने 3 पारियों में रोहित से ज्यादा 38 रन जड़ दिए हैं.

जबकि विराट कोहली ने 9 पारियों में 190 रन बनाए. इस दौरान एक शतक भी जमाया है. दूसरी ओर जडेजा ने 5 पारियों में 135 रन जड़े. साथ ही गेंदबाजी में जडेजा ने 4 पारियों में 4 विकेट झटके है.





### रोहित का क्रिकेट करियर

टेस्ट क्रिकेटः 67 मैच, 116 पारियां, 4301 रन, 212 हाइएस्ट स्कोर, 40.57 औसत, 12 शतक और 18 अर्धशतक

वनडे क्रिकेटः 265 मैच, 257 पारियां, 10866 रन, 264 हाइएस्ट स्कोर, 49.16 औसत, 31 शतक और 57 अर्धशतक

टी-20 क्रिकेटः 159 मैच, 151 पारियां, 4231 रन, 121* हाइएस्ट स्कोर, 32.05 औसत, 5 शतक और 32 अर्धशतक

### कोहली का क्रिकेट करियर

टेस्ट क्रिकेटः 123 मैच, 210 पारियां, 9230 रन, 254* हाइएस्ट स्कोर, 46.85 औसत, 30 शतक और 31 अर्धशतक

वनडे क्रिकेटः 295 मैच, 283 पारियां, 13906 रन, 183 हाइएस्ट स्कोर, 58.18 औसत, 50 शतक और 72 अर्धशतक

टी-20 क्रिकेटः 125 मैच, 117 पारियां, 4188 रन, 122* हाइएस्ट स्कोर, 48.69 औसत, 1 शतक और 38 अर्धशतक

### जडेजा का क्रिकेट करियर



टेस्ट क्रिकेटः 80 मैच, 118 पारियां, 3370 रन, 175* हाइएस्ट स्कोर, 34.74 औसत, 4 शतक और 22 अर्धशतक, 323 विकेट लिए.

वनडे क्रिकेटः 197 मैच, 132 पारियां, 2756 रन बनाए, 189 पारी में 220 विकेट लिए, 5/33 बेस्ट प्रदर्शन.

टी-20 क्रिकेटः74 मैच, 41 पारियां, 515 रन बनाए, 71 पारी में 54 विकेट लिए, 3/15 बेस्ट प्रदर्शन.



# योगराज ने कोहली के फेल होने का जिम्मेदार गंभीर को ठहराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर योगराज सिंह ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की 1-3 से हार के बाद गौतम गंभीर के नेतृत्व वाली भारतीय टीम प्रबंधन पर गंभीर टिप्पणी की। भारत की हार के बाद योगराज सिंह ने कहा कि यहां पर गंभीर को कोच की जगह मैन-मैनेजर की भूमिका निभाई चाहिए थी।

योगराज सिंह ने विराट कोहली के आउट होने के बारे में बात करते हुए कहा कि वो इस टेस्ट सीरीज में 8 बार बाहर जाती हुई गेंद को छेड़ते हुए आउट हुए थे। उन्होंने कहा कि ये गौतम गंभीर की जिम्मेदारी थी कि वो जाकर कोहली कहते कि ऑफ स्टंप से बाहर की गेंदों को कवर्स की तरफ ना खेलें। युवराज सिंह के पिता ने कहा कि गंभीर को विराट से कहना चाहिए था कि वह उन गेंदों को सीधा नहीं खेलें और ये सलाह कोहली के काम आ सकती थी।

**कोई भी खिलाड़ी खेल से महान नहीं हो सकता:** योगराज सिंह ने इंटरव्यू में कहा कि जब आप भारत के लिए खेल रहे होते हैं तो कोच की भूमिका एक महत्वपूर्ण प्रश्न बन जाती है।

जब आप भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एक खिलाड़ी होते हैं तो आपको पारंपरिक अर्थों में कोचिंग की आवश्यकता नहीं होती है। आपको वास्तव में मैन मैनेजमेंट के लिए किसी की आवश्यकता होती है। कभी-कभी एक खिलाड़ी का दिमाग काम नहीं करता है और वो रन नहीं बना पाते हैं या बार-बार आउट हो जाते हैं।

कोई भी खिलाड़ी कितना भी महान क्यों ना हों, वो खेल से बड़ा नहीं हो सकता।

**गंभीर को करना चाहिए था गाइड:** जब कोई खिलाड़ी अच्छा नहीं कर रहा होता है तो ऐसे खिलाड़ियों को किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जो उन्हें मार्गदर्शन दे सके और कहे कि चलो नेट पर चलते हैं और इस पर काम करते हैं। उदाहरण के लिए विराट कोहली कई बार अपना पसंदीदा शॉट खेलते हुए आउट हो गए और वो था दाएं हाथ से पुश करना। यह शॉट भारतीय पिचों पर इंग्लैंड में और अन्य जगहों पर कारगर है, लेकिन कुछ पिचों पर जहां गेंद ज्यादा उछलती है और ज्यादा दूर तक जाती है किसी को उनसे कहना चाहिए था कि विराट यह शॉट मत खेलो। बस सीधा खेलो या इस गेंद को छोड़ दो। आपको बता दें कि कोहली अब इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले वनडे सीरीज में खेलते हुए नजर आएंगे।



### विराट कोहली को एबी डिविलियर्स की सलाह-

# मैदान पर लड़ाई से बचें, कई बार ज्यादा ही उलझ जाते हैं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व साथी एबी डिविलियर्स ने रविवार (6 जनवरी) को रीसेट करने और फॉर्म में वापस आने के लिए मैदान पर लड़ाई से बचने की सलाह दी है। कोहली ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज में बहुत खराब प्रदर्शन किया।

उन्होंने 5 मैचों में सिर्फ 190 रन बनाए थे। एबी डिविलियर्स ने कहा, मुझे लगता है कि हर बार अपने दिमाग को रीसेट करना जरूरी है। विराट को लड़ाई पसंद है, लेकिन जब आप अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं होते हैं, तो उन चीजों से छुटकारा पाना सबसे अच्छा होता है। एक बल्लेबाज के तौर पर हर गेंद के लिए रीसेट होना और उसे इवेंट समझना और गेंदबाज के बारे में भूल जाना सबसे अच्छा है। एबी डिविलियर्स ने कहा, मुझे लगता है कि विराट कभी-कभी अपनी फाइटिंग स्पिरिट के कारण उसे भूल जाते हैं। वह पूरे भारत को दिखाना चाहते हैं कि वह उनके लिए लड़ने के लिए मौजूद हैं और इसलिए उलझ जाते हैं। उस व्यक्ति (कोहली) का कौशल, अनुभव और महानता कोई मुद्दा नहीं है। कभी-कभी हर एक गेंद के बाद फिर से ध्यान केंद्रित करना होता है। हो सकता है कि कभी-कभी वह बहुत अधिक उलझ जाते हैं।

### सैम कोनस्टस के साथ विवाद

कोहली ने चौथे टेस्ट में सुर्खियां बटोरीं जब ऑस्ट्रेलिया के सैम कोनस्टस के साथ मैदान पर उनका विवाद हुआ। दोनों खिलाड़ी मैदान पर एक दूसरे से भिड़ गए थे। टेस्ट में आउट होने के बाद मेलबर्न के दर्शकों ने कोहली का मजाक उड़ाया। कोहली उनसे भी उलझे। डिविलियर्स ने कहा, ÷मुझे लगता है कि मैदान पर लड़ाई विराट की सबसे बड़ी ताकत है और यह उनकी कमजोरी भी हो सकती है।

# व्हीलचेयर पर बैठकर जीवन को फिर से शुरू करना बहुत मुश्किल था: पैरा शूटर अवनि लेखरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पैरा शूटर अवनि लेखरा ने पैरा-एथलीट बनने की चुनौतीपूर्ण यात्रा के लिए आभार व्यक्त किया और चैंपियन बनने में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विचार किया।

दो बार पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली अवनि 10 साल की उम्र में एक कार दुर्घटना के बाद कमर से नीचे लकवाग्रस्त हो गई थीं। चुनौतियों को अपने ऊपर हावी न होने देते हुए उन्होंने 2015 में निशानेबाजी का खेल अपनाया और तब से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट जीते। 2020 में, अवनि ने टोक्यो में पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर



इतिहास भी रच दिया। उन्होंने ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई पहल हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट पर कहा, यह एक उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा है। मुझे सब कुछ नहीं दिया गया था और मुझे बिल्कुल शुरुआत से शुरुआत करनी पड़ी।

दुर्घटना से पहले, मैं एक अलग बच्ची थी। मुझे डांसिंग, सिंगिंग और ऐसे ही अन्य शौक ज्यादा पसंद थे। दुर्घटना के बाद व्हीलचेयर पर जीवन को फिर से शुरू करना काफी मुश्किल था। आपकी जिंदगी पूरी तरह से बदल जाती है। आपको फिर से बैठना भी सीखना पड़ता है।

# ऋषि धवन ने किया संन्यास का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया में इस वक्त कई बड़े खिलाड़ियों के संन्यास की अटकलें लगाई जा रही हैं. स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के अचानक सीरीज के बीच से ही रिटायरमेंट के बाद ऐसी अफवाहें ज्यादा तेज हो गई. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज हारने और बल्ले से नाकाम रहने पर कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को बाहर करने और रिटायर होने की सलाह दी जा रही है. मगर इन दोनों से पहले एक भारतीय खिलाड़ी ने संन्यास का ऐलान कर दिया है. ये खिलाड़ी हैं ऋषि धवन, जिन्होंने लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है.

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट टीम के कप्तान और टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर ऋषि धवन ने रविवार 5 जनवरी को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपने रिटायरमेंट का ऐलान किया. 34 साल के धवन ने अपने रिटायरमेंट पोस्ट में बताया कि वो भारतीय क्रिकेट में लिमिटेड ओवर्स फॉर्मेट से संन्यास ले रहे हैं. यानि अब वो विजय हजारे ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी और इंडियन प्रीमियर लीग में खेलते हुए नहीं दिखेंगे. हालांकि वो फर्स्ट क्लास यानि रणजी ट्रॉफी में खेलना जारी रखेंगे.



मैच के बाद किया ऐलान

धवन का ये ऐलान ठीक उस दिन आया, जिस दिन उनकी टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी में जीत दर्ज की. रविवार 5 जनवरी को धवन की कप्तानी वाली हिमाचल प्रदेश ने आंध्र प्रदेश को 8 विकेट से हरा दिया. खुद धवन ने इस जीत में अहम भूमिका निभाई. उन्होंने पहले 2 विकेट हासिल किए. फिर तेजी से नाबाद 45 रन की पारी खेलकर टीम को जीत तक पहुंचाया. धवन की कप्तानी में ही 3 सीजन पहले हिमाचल ने इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था.

ऋषि धवन ने अपने पोस्ट में बीसीसीआई, हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन, अपने टीममेट्स और फैंस को धन्यवाद दिया. उन्होंने साथ ही पंजाब किंग्स, मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स को भी शुक्रिया कहा, जिन फ्रेंचाइजियों के लिए उन्होंने आईपीएल में हिस्सा लिया था. धवन की आखिरी आईपीएल टीम पंजाब किंग्स ही थी लेकिन इस बार उन्हें किसी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा था.

### बाबर आजम के साथ मिलकर बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड

# शान मसूद ने साउथ अफ्रीका में जमाया ऐतिहासिक शतक

**केपटाउन, एजेंसी।** पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच केपटाउन में टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है. पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 194 रनों पर ढेर होने के बाद बहुत ही मुश्किलों में थी. साउथ अफ्रीका ने फॉलो ऑन के लिए मजबूर कर दिया था. तभी दूसरी पारी में कप्तान शान मसूद ने ऐतिहासिक शतक जमाया. उन्होंने मैच के तीसरे दिन बाबर आजम के साथ मिलकर 205 रनों की ओपनिंग साझेदारी की और टेस्ट क्रिकेट में एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया.

दरअसल, 148 सालों के टेस्ट इतिहास में फॉलो ऑन के बाद ये सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी बन गई है. साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था. इसके बाद उनकी टीम ने पहली पारी में 615 रनों विशाल स्कोर खड़ा कर दिया. इसके जवाब में पूरी पाकिस्तानी टीम 194 रन पर ढेर हो गई.

अब दूसरी पारी में फॉलो ऑन मिलने के बाद पाकिस्तान पर दबाव दोगुना हो गया था. टीम के रेगुलर ओपनर सैम अयूब एंकल इंजरी के



कारण मुकाबले से पहले ही बाहर हो चुके थे. लेकिन शान मसूद ने पिछली गलती को भूलते हुए बाबर आजम के साथ लड़ाई दिखाई और तेजी से रन बनाए. उन्होंने 166 गेंद में 102 रनों की नाबाद पारी खेली और शान ने 205 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप से अपनी टीम को मुश्किलों से निकाला.

हालांकि, दिन का खेल खत्म होने से पहले बाबर आजम 81 रन बनाकर आउट हो गए. लेकिन इससे ज्यादा मुश्किलें नहीं आईं. नाइट वॉचमैन खुर्रम शहजाद ने विकेट नहीं गिरने दिया. पहले दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान की टीम ने दूसरी पारी में 1 विकेट के नुकसान पर 213 रन बना लिए हैं और अब साउथ अफ्रीका से 208 रन पीछे है. बाबर ने एक ही दिन जड़ी दो फिफ्टी

शान के साथ बाबर आजम भी वापस फॉर्म लौटते हुए दिखाई दिए. वो पिछले करीब दो साल रन के लिए संघर्ष कर रहे थे. वहीं अर्धशतक और शतक के लिए तरस गए थे. लेकिन साउथ अफ्रीका में वो रंग में लौटे और एक ही दिन में 2 फिफ्टी ठोक दी.

## इंग्लैंड के खिलाफ ही नहीं, चैंपियंस ट्रॉफी से भी बाहर हो सकते हैं जसप्रीत बुमराह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पीठ में ऐंठन के कारण इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर सीमित ओवरों की सीरीज के अधिकांश मैचों से आराम दिया जा



सकता है। उनकी नजरें 19 फरवरी से शुरू हो रही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पर टिकी हैं। हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 32 विकेट लेकर भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे बुमराह पीठ में ऐंठन के कारण सीरीज की अंतिम पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके। समाचार एजेंसी के अनुसार 30 वर्षीय बुमराह ने सीरीज में 150 से अधिक ओवर गेंदबाजी की। इस चोट का सीधा संबंध सीरीज में उनके अत्यधिक वर्कलोड से है.

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाइन में सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकृत हुए लंबित प्रकरण

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नागरिकों की समस्याएं लंबे समय तक लंबित रखने वाले दोषी अधिकारी-कर्मचारी दंडित किए जाएंगे। आमजन का कल्याण ही राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। राजस्व, छात्रवृत्ति वितरण सहित अन्य योजनाओं की स्वीकृति और योजनाओं की राशि वितरण संबंधी कोई भी कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समाधान ऑनलाइन में विभिन्न जिलों के नागरिकों के लंबित प्रकरणों में समाधान करवाया। इस मौके पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक सांईं कृष्ण एस थोटा, जिपं सीईओ संघ प्रिय सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएम हेल्पलाइन में उल्लेखित शिकायतों के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों और सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरण का तत्काल निराकरण करें। जनकल्याण के कार्य को गति देने के लिए अभियान चल रहा है। आगामी 26 जनवरी तक घर-घर जाकर नागरिकों को योजनाओं से लाभान्वित करने का अभियान गत 11 दिसंबर से संचालित है। जनकल्याण अभियान की गतिविधियां 22 जनवरी तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजस्व संबंधी कार्य पूरी प्रक्रिया के साथ पूर्ण हों। उदाहरण के लिए बंटवारा आदेश ही पर्याप्त नहीं है, उसे नक्शे में दर्शाना भी आवश्यक है। नामांतरण और सीमांकन के कार्यों में भी पूर्ण प्रक्रिया कर कार्य किए जाएं। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के हित में प्रमुख सुविधाओं को प्रदान करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सायकिल वितरण, गणवेश, किताब, छात्रवृत्ति एवं छात्रावास की सुविधा एवं छात्रावास न उपलब्ध होने पर किराए पर लिए गए कक्ष का किराया दिलवाने का कार्य भी किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान चलाकर पारदर्शिता और शुचिता के साथ स्कूलों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का कार्य किया जाए। शालाओं में नामांकन बढ़ाने के लिए भी अभियान चलाएं। स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में प्रयास करने की आवश्यकता है। परीक्षा प्रणाली, टास्क फोर्स समिति की बैठक, भवनविहीन स्कूलों में व्यवस्थाएं आदि की शीघ्र ही विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा कलेक्टर्स को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान को गति देने और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर सुव्यवस्था स्थापित करने को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में जिला किस तरह अग्रणी हो, इसके लिए स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा हो। समाज के युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी जाए। विशेष उपलब्धियों का आवश्यक प्रचार भी सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्दी में रैन बसेरों में रहने वाले व्यक्तियों की अच्छी देखभाल सुनिश्चित करें। समय-समय पर रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें। इसके साथ ही कलेक्टर, थानों का आकस्मिक निरीक्षण भी करें। जनप्रतिनिधियों से संवाद और सम्पर्क में कमी नहीं होना चाहिए। मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया के रोगियों के उपचार के संबंध में कलेक्टर को निर्देशित किया गया।

# जन्म-मृत्यु के एक वर्ष बाद भी प्राप्त किए जा सकते हैं प्रमाण पत्र

**पन्ना।** जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं जिला योजना अधिकारी द्वारा सूचित किया गया है कि आम नागरिक जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एक वर्ष बाद भी प्राप्त कर सकते हैं। किन्हीं कारणोंवश प्रमाण पत्र से वंचित आवेदक विधिवत आवेदन व पंजीयन की अनुमति प्राप्त कर जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

जन्म व मृत्यु घटना घटित होने से 21 दिवस तक निःशुल्क जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है, जबकि 21 से 30 दिवस तक निर्धारित शुल्क के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ग्राम पंचायत सचिव और नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका अधिकारी तथा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सिविल सर्जन, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के तहत नियुक्त रजिस्ट्रार अथवा उप रजिस्ट्रार को आवेदन कर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इसी तरह जन्म एवं मृत्यु के 30 दिवस के उपरांत एवं एक वर्ष तक की अवधि में भी पंजीयन कराया जा सकता है। इसके लिए निर्धारित शुल्क के साथ धारा 13 (2) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय क्षेत्रों में जिला योजना अधिकारी को ग्राम पंचायत अथवा नगर पालिका के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर पंजीयन के लिए अनुमति प्राप्त होने के उपरांत सचिव एवं नगर पालिका अधिकारी के माध्यम से प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। एक वर्ष पश्चात पंजीयन के लिए तहसीलदार द्वारा अनुमति प्रदान की जाएगी। इसके लिए धारा 13(3) के तहत लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से अप्राप्यता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत करने पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट द्वारा पंजीयन की अनुमति प्रदान की जाएगी।

सहायक सांख्यिकी अधिकारी राजीव पटेल ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र में बच्चे का नाम जुड़वाने के लिए भी आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। प्रमाण पत्र में बच्चे का नाम दर्ज नहीं होने पर जारीकर्ता अधिकारी के पास आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी तरह विवाह पंजीयन के लिए संबंधित ग्राम अथवा नगर पालिका कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर अथवा लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया जा सकता है।

## फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि अब 10 जनवरी तक

**पन्ना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि राज्य शासन के आग्रह पर भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी 2024-25 के लिए समस्त ऋणी एवं अऋणी कृषकों का प्रीमियम नामे की बीमांकन करने की अंतिम तिथि को 31 दिसम्बर 2024 से बढ़ाकर 10 जनवरी 2025 कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान

# शिविर में आमजनों को दिया जा रहा है योजनाओं का लाभ



**पन्ना।** जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। साथ ही आम जनता के आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। जिले के सभी विकासखण्डों में शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। अब तक पन्ना जिले में कुल 268 शिविर आयोजित किए गए हैं। आम जनता से प्राप्त 9111 आवेदनों में से 4829 का निराकरण हो चुका है। शिविर में आमजनों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। शिविर में बड़ी संख्या में आमजनों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। रविवार, 5 जनवरी को गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मुकेहा, मझगवां सरकार, बिल्हा सुरदहा, सुरदहा एवं झुमटा, शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत धौवापुरा, देवरी, खमतरा एवं रमगढ़ा तथा पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मकरी कुठार एवं मुटवाकला में शिविर लगाया जाएगा।

## अन्न उत्सव का आयोजन जारी

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्तमान जनवरी माह में भी 4, 5 एवं 6 तारीख को समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अन्न उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दुकानवार नियुक्त नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में खाद्यान्न वितरण के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जिले के समस्त पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि अन्न उत्सव में उचित मूल्य दुकानों में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर खाद्यान्न सामग्री प्राप्त करें। साथ ही नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों से निर्धारित तिथियों में उचित मूल्य दुकानों के निरीक्षण व खाद्यान्न सामग्री का वितरण कराने की अपेक्षा की गई है।

# अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट 19 से 26 जनवरी तक

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने की तैयारियों की समीक्षा

**पन्ना।** जिला फुटबॉल संघ पन्ना के तत्वाधान में आगामी 19 से 26 जनवरी तक अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन पन्ना नगर के नगरबाग स्टेडियम में होगा। टूर्नामेंट में लगभग 16 टीमें शामिल होंगी। फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन के दृष्टिगत कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने गत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष, समिति सदस्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।



जिला कलेक्टर ने फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान टीम के रूकने एवं भोजन की व्यवस्था सहित आवासीय स्थल से खेल ग्राउण्ड तक आवागमन एवं साफ-सफाई व्यवस्था, मेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा समस्त विद्यालयों के विद्यार्थियों की टूर्नामेंट के समापन दिवस पर उपस्थिति व बैठक व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों से जरूरी सुझाव भी प्राप्त किए गए। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए प्रशासनिक तौर पर संपूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने टीमों के चयन की जानकारी प्राप्त कर न्यूनतम मानक स्तर की टीम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी जरूरी समन्वय के साथ बेहतर व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा खिलाड़ियों की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था एवं आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा कर संघ के पदाधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में समय पूर्व अवगत कराने के लिए कहा। बैठक में नजरबाग स्टेडियम में सुरक्षा व्यवस्था के साथ द्वितीय प्रवेश द्वार भी बनाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले भी उपस्थित रहे।

## गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना में आवेदन प्रारंभ

**पन्ना।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित गाँव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेशित छात्राओं के ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। उच्च शिक्षा विभाग से संबद्ध समस्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेशित समस्त पात्र छात्राएं गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी। छात्राएं पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी। समस्त विश्वविद्यालय के कुलसचिवों एवं शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों को सत्र 2024-25 में प्रवेशित छात्राओं के आवेदन सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देश जारी किये गये हैं।

# सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन

**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर में परम पूज्य राष्ट्रसंत गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्या परम पूज्य श्रमणी आर्यिका 105 विरम्या श्री माताजी एवं विसंयोजना श्री माताजी के मंगलमय सानिध्य में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्रीमान सुरेंद्र जैन गुलजारी परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके पश्चात प्रवीण जैन परिवार एवं सुरेंद्र जैन कल्लू द्वारा मंडप का उद्घाटन किया गया। पीत परिधान से युक्त सभी इंद्राणियों और सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित अष्टकुमारियों द्वारा घट यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: अनुष्ठान मंडप तक पहुंची, जहां पंडित श्री जयकुमार जी ने कलशों के जल द्वारा मंडप को शुद्ध किया।

### मंगल प्रवचन एवं विधान का महत्व

इस अवसर पर उच्च माताजी ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा कि श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में सिद्ध परमेष्ठी की अर्चना की जाती है, जिनकी पूजा से संपूर्ण कर्मों का नाश हो जाता है। सिद्धों की भक्ति करने वाले समस्त सुखों को प्राप्त करते हैं। माताजी ने यह भी कहा कि इस विधान का प्रमुख श्रेय श्रीमान प्रवीण जैन परिवार को जाता है, जिन्होंने अपनी शक्ति से भी अधिक दान राशि दी और विधान करने की भावना व्यक्त की। उनके सहयोग से, सकल दिगंबर जैन समाज ने इस पवित्र विधान का आयोजन किया। यह विधान भगवान चंदाप्रभु के आशीर्वाद से हुआ, साथ ही पूज्य गुरुदेव श्री विराग सागर जी एवं पूज्य गुरुदेव श्री विशुद्ध सागर जी महाराज का आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ।

## कलेक्ट्रेट में वंदे मातरम गायन हुआ

**पन्ना।** माह के प्रथम दिन वन्दे मातरम से कार्य दिवस शुरू करने के क्रम में गुरूवार को कलेक्ट्रेट में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया गया। माह के प्रथम दिवस एक जनवरी को राष्ट्रीय शोक होने से यह कार्यक्रम 2 जनवरी को आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार सहित सभी शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया गया।

# विशेष अभियान चलाकर टैक्टर ट्राली सहित माल वाहनों में लगाये जा रहे रेडियम, रिफ्लेक्टर टेप

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस थोटा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री एस.पी.सिंह बघेल के दिशा निर्देशन में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सभी प्रकार के माल वाहनों में रेडियम टेप लगाने हेतु 05 जनवरी 2025 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तारतम्य में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा विशेष अभियान आयोजित कर सभी प्रकार के माल वाहनों जैसे की ट्रक,ट्रैलर, डम्फर सहित ट्रैक्टर ट्रालियों में यह रेडियम टेप लगाये गये, यह विशेष अभियान बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और रात के समय वाहनों की दृश्यता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है । माल वाहनों के पीछे लगा यह रेडियम टेप रात के अंधेरे में चमकता है, जिससे अन्य वाहन चालकों को माल वाहन आसानी से दिखाई देता है और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो जाती है, खासकर धुंध या बारिश के मौसम में, रेडियम टेप वाहन की पहचान को और अधिक स्पष्ट करता है,जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है ।



# ग्राम पंचायत भटिया मे व्यापक भ्रष्टाचार

## यात्री प्रतिक्षालय, पुताई सहित अन्य कार्यो में लाखो का फर्जीवाड़ा

**पन्ना।** पन्ना जिले की ग्राम पंचायतो में व्याप्क स्तर पर फर्जी बिल बाउचर लगाकर शासकीय राशि में फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, उक्त संबंध में लोगो द्वारा लगातार शिकायते करने के बावजूद जिम्मेवारो द्वारा कोई कार्यवाही नही किये जाने से भ्रष्टाचारीयों के होसले बुलंद है, इसी प्रकार का मामला जिले की भटिया ग्राम पंचायत का प्रकाश मे आया है, जहां पर फर्जी बिल बाउचर लगाकर पंच परमेश्वर योजना की राशि मे बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है। जिसमें सिमरी मार्ग मरम्मत कार्य के नाम पर 48 हजार 6 सौ की मुरूम का भाड़ा का बिल लगाया गया है, जबकी स्थानीय लोगो का कहना है कि किसी भी प्रकार का मरम्मत कार्य उक्त सड़क का नहीं हुआ है। इसी प्रकार यात्री प्रतिक्षालय जिसका निर्माण महज डेढ लाख रूपये मे किया गया था, उक्त प्रतिक्षालय की पुताई के नाम पर 46 हजार की राशि आहरित की गई है, इसी प्रकार स्वच्छता कार्य के नाम पर 15 हजार, की राशि का बिल बाउचर लगाया गया है तथा कम्प्यूटर मरम्मत कार्य का 12 हजार सहित अन्य फर्जी बिल बाउचर लगाकर व्याप्क स्तर पर फर्जीवाडा किया गया है। स्थानीय लोगो ने ग्राम पंचायत भटिया के पंच परमेश्वर एवं मनरेगा योजना के बिल बाउचरो की जांच कराकर सरपंच सचिव पर कार्यवाही करने की मांग की है।

# डीजे बंद करने पर पुलिस कांस्टेबल से मारपीट, दम्पति समेत 5 गिरफ्तार

सतना

देर रात को तेज आवाज में डीजे बजाकर शोर मचाने से मना करने पर पति-पत्नी समेत 5 लोगों ने चित्रकूट पुलिस के आरक्षक से गाली-गलौज और मारपीट कर दी, जिस पर अपराध दर्ज कर पुलिस ने 10 घंटे के अंदर सभी आरोपियों को पकड़ लिया। टीआई डीआर शर्मा ने बताया कि 1 जनवरी की रात को तकरीबन 11 बजे वार्ड-7 में ज्वालादेवी मंदिर के पास रहने वाले लोगों ने डायल 100 पर फोन कर पड़ोसी माहेश्वरी प्रजापति के मकान में किराए पर रहने वाले परिवार के खिलाफ तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत की तो एफआरवी में तैनात आरक्षक अमरेन्द्र को कार्रवाई के लिए रवाना किया गया, जिन्होंने मौके पर जाकर डीजे बंद करने के लिए कहा तो नशे में धुत लोगों ने गाली-गलौज कर आरक्षक से मारपीट कर दी। यह खबर पुलिसकर्मी ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई, लिहाजा बड़ी संख्या में पुलिस बल ज्वालादेवी मंदिर के पास पहुंचा और मारपीट करने वाले आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी। गुरुवार सुबह तक आरोपी राजाराम पुत्र श्रीपाल वर्मा 42 वर्ष, उसकी पत्नी संगीता वर्मा 40 वर्ष, राजकरण पुत्र रामपाल वर्मा, रामकरण पुत्र अनुसुइया वर्मा और नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में आरक्षक अमरेन्द्र सिंह की शिकायत पर बीएनएस की धारा 132, 121(1), 296, 351(2), 221 और 3(5) का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वहीं गिरफ्तार किए गए आरोपियों को हॉस्पिटल में मेडिकल जांच के पश्चात न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया। ऐसे में पुलिस टीम पांचों को कड़ी निगरानी में सतना लाई और केन्द्रीय जेल में दाखिल करा दिया।

## स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय द्वारा प्रतापपुर में लगाया गया निःशुल्क श्रवण एवं नेत्र शिविर

**पन्ना।** श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाजोत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय एवं स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान जनकपुर पन्ना के समेकित तत्वधान में ग्राम पंचायत प्रतापपुर में निःशुल्क श्रवण व नेत्र शिविर का अयोजन किया गया। जिसमे श्रवण जांच हेतु ऑडियोलॉजिस्ट डॉक्टर बादल बढ़ोलिया द्वारा श्रवण परीक्षण यंत्रों द्वारा 12 हितग्राहियों का परीक्षण किया एवं नेत्र परीक्षण हेतु नेत्र चिकित्सक चंद्रभान सिंह द्वारा नेत्रो का परिक्षण किया गया है, जिसमे 07 नेत्र हितग्राहियों का परीक्षण किया गया, एव जांच उपरांत श्रवण यंत्र एवं नेत्र सहायक यंत्र भी वितरण किए गए, शिविर मे जांच हेतु ग्रामों से आए हितग्राहियों को उद्बोधित करते हुए संस्था प्राचार्य द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह मे पूर्व से निर्धारित एक दिन वृद्ध एवं दिव्यांग जनों का चिन्हांकन कर इस प्रकार के शिविरो का निरंतर अयोजन किया जाएगा, उक्त शिविर में दिव्यांग हितग्राहीगण ग्रामवासी एवं महाविद्यालय प्राचार्य दीपक कुमार त्रिपाठी, प्रतिभा वर्मा, आलोक कुमार, रूपेन्द्र कुमार पटेल, नीलेश कुमार, विशाल, लालता प्रसाद लोध, मनोज झारिया, स्वाती चौहान, वर्षा शर्मा, रूबी मिश्रा, राहुल सेंगर, सोम शुक्ला, चंद्र शेखर कोल, राकेश अहिरवार आदि स्टॉफ व महाविद्यालय के छात्रगण उपस्थिति रहे।

## सलेहा थाना मुख्यालय में सट्टा खिलाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना।** जिले के सलेहा थाना क्षेत्र में सट्टा का कारोबार चरमसीमा पर चल रहा है, पुलिस द्वारा समय समय पर कार्यवाही भी की जाती है, लेकिन थाना मुखलय से लेकर आस पास के ग्रामो में सट्टा का कारोबार निरन्तर जारी है तथा पुलिस सट्टा को रोक पाने मे नाकामयाब रहती है, इसी के चलते विगत महिनो सलेहा मे पदस्थ रही तत्कालीन थाना प्रभारी सरिता तिवारी को थाना से हटा दिया गया था, तथा उनके स्थान पर अनिल राजपूत को पदस्थ किया गया था, लेकिन श्री राजपूत ने सट्टा कारोबार को बंद कराने मे असफल साबित हो रहें है। पुलिस ने बीते दिवस एक आरोपी को सट्टा खिलाते हुए पकड़ा है, जिसका नाम मयूर उर्फ शीलू जैन उम्र 30 साल निवासी जैन मंदिर के पास सलेहा है। उसके खिलाफ पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से 5 सट्टा पर्ची, 01 पेन एवं नगदी 5100 रूपये जप्त किये जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना सलेहा में अप.क्र. 1/25 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, मंगलवार 07 जनवरी 2025 | 8


युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया।



# जिले में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

## गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का होगा आयोजन : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गणतंत्र दिवस के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह एसएएफ मैदान रीवा में प्रात- 9 बजे आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। समारोह में पुलिस, होमगार्ड, एसएएफ, जेल, स्काउट गाइड, एनसीसी आदि के द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की जाएगी। समारोह में विभिन्न स्कूलों के बच्चे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से होगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का टाउन हाल में आयोजन किया जाएगा। इसमें चित्र प्रदर्शनी तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर स्कूलों में विशेष मध्यान्ह भोजन का भी आयोजन होगा। सभी तहसीलों, नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में भी गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित कराएं। समस्त कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रात- 7 बजे से 8 बजे के मध्य होगा। कलेक्टर ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर सभी शासकीय भवनों को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। रात में इनमें रोशनी की जाएगी। गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल 12 जनवरी शुरू हो जाएगी। कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को की जाएगी। मुख्य समारोह में बैठक व्यवस्था, पण्डाल, साउण्ड सिस्टम, मंच सज्जा, पुरस्कार वितरण पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था तथा अन्य समस्त व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी सभी शिक्षण संस्थाओं में ध्वज संहिता का पालन करते हुए ध्वजारोहण कराएं। मुख्य समारोह में तीन आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ देने के निर्देश दिए गए हैं। इसका चयन एसडीएम हुजूर की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी। कलेक्टर ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। संबंधित विभाग 15 जनवरी तक झांकी की विषय वस्तु की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।

बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि परेड में शामिल होने वाले बच्चों का चयन करके उनका रिहर्सल शुरू करा दें। एसएएफ मैदान में 12 जनवरी से रक्षित निरीक्षक की निगरानी में रिहर्सल की जाएगी। अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए उत्कृष्ट कार्यों के उल्लेख के साथ 22 जनवरी तक जिला पंचायत कार्यालय में प्रस्ताव प्रस्तुत कर दें। बैठक में सभी एसडीएम, सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर आज करेंगे विभागीय कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में 7 जनवरी को प्रात- 11 बजे से आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद विभागीय कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान, राजस्व महाभियान, छात्रावासों के निरीक्षण, धान उपार्जन तथा अन्य प्रमुख कार्यों की समीक्षा की जाएगी। सभी संभागीय अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक 15 जनवरी को

**रीवा।** जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक 15 जनवरी को कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में प्रात- 11 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल समूह नलजल योजना के कार्यों की समीक्षा करेंगी।

## समय सीमा में नर्सिंग कॉलेज की काउंसलिंग प्रक्रिया करें पूर्ण: उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नर्सिंग कॉलेजों की काउंसलिंग प्रक्रिया एवं मान्यता से संबंधित अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित समयसीमा के भीतर समस्त प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेजों में पे-प्रोटेक्शन से संबंधित प्रस्ताव को तैयार कर कैबिनेट अनुमोदन के लिए शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने एचएमपीवी वायरस की वर्तमान स्थिति पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुरूप सतत निगरानी रखने और आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की तैयारी रखने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुधार हेतु अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी और संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा (नर्सिंग एवं पैरामेडिकल) श्री मनोज सरियाम उपस्थित रहे।

# जिले भर में जनकल्याण अभियान के लगाये जा रहे हैं शिविर

## जनकल्याण अभियान में 7, 8 और 9 जनवरी को लगेंगे शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 7, 8 और 9 को शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने बताया कि अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में 7 जनवरी को ग्राम पंचायत पलिया 351 तथा उमरी और 9 जनवरी को व्यौहरा तथा गोरगांव 164 में शिविर लगेंगे। अनुभाग हुजूर में 7 जनवरी को रौसर तथा रौरा, 8 जनवरी को सिलपरा तथा भटलो और 9 जनवरी को नर्सिंगपुर तथा डिहिया में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में 7 जनवरी को इटौरी तथा डोडव, 8 जनवरी को छदहना तथा अतरैला और 9 जनवरी को जोन्हा तथा बरहुला सींगोटोला में शिविर लगेंगे। अनुभाग मनगवां में 7 जनवरी को खरहरी तथा देवास, 8 जनवरी को पिपरहा, खैरा तथा फूल नम्बर एक और 9 जनवरी को संसारपुर तथा रौरा उन्मूलन में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह अनुभाग त्योंथर में 7 जनवरी को गोपाल पुरवा तथा बरूआ, 8 जनवरी को आमिलकोनी तथा सतपुरा पडिवार और 9 जनवरी को सतपुरा में शिविर लगाये जायेंगे। अनुभाग सिरमौर में 7 जनवरी को धरी तथा पटेहरा बैकुण्डपुर, 8 जनवरी को चचाई, मटीमा तथा गोदहा और 9 जनवरी को बरौं तथा पटना कला शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने आमजनता से इन शिविरों से लाभ उठाने की अपील की है।

# शिक्षकों के लंबित स्वत्वों के प्रकरण निराकृत करें : कलेक्टर

**रीवा**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्कूल शिक्षा विभाग अन्तर्गत शिक्षकों के लंबित स्वत्वों के प्रकरण समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि अर्जित अवकाश, सेवा पुस्तिका में प्रविष्ठि, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, एरियर्स का भुगतान सर्वोच्च प्राथमिकता से करें तथा स्वत्वों के प्रकरणों की सूची 9 जनवरी तक तैयार करायें।

कलेक्टर ने विकासखण्ड स्तर पर सूचीबद्ध प्रकरणों का परीक्षण कर वैध प्रकरणों के भुगतान 9 जनवरी से 11 जनवरी तक कैंप लगाकर करने के निर्देश दिये है। जिला स्तर पर निराकृत होने वाले प्रकरणों को बीईओ पंजीबद्ध कर शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे तथा जिला स्तर से भुगतान की कार्यवाही 13 से 15 जनवरी तक की जायेगी। उन्होंने कहा है कि बीईओ व डीईओ 26 जनवरी से पूर्व इस संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे कि सभी लंबित प्रकरण का भुगतान व शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है।

# कलेक्टर पहुंचे जनकल्याण शिविर में लोगों की सुनी समस्यायें

**रीवा**



मऊगंज कलेक्टर श्री अजय श्रीवास्तव ने हनुमना विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत लासा में आयोजित शिविर में पहुंचकर लोगों की समस्यायें सुनीं तथा विभागीय अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जनकल्याण शिविर राजस्व प्रकरणों के साथ ही अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ मौके पर पात्र हितग्राहियों को देने का सशक्त माध्यम है। शिविर में जहां एक ओर शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के विषय में जनकारी दी जाती है वहीं दूसरी तरफ पात्र हितग्राही इसका लाभ भी ले रहे है। उन्होंने बताया कि शिविर में 107 आयुष्मान कार्ड बनाने के आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्य भी बनाये जा रहे हैं। बैठक में एसडीएम कमलेशपुरी सहित विभागीय अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इससे पूर्व कलेक्टर ने हनुमना में राजस्व अधिकारियों की बैठक में जनकल्याण अभियान अन्तर्गत आयोजित किये जा रहे शिविरों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की तथा प्रस्तुत आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का तत्परता से निराकरण किये जाने हेतु भी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया।

# उपार्जित धान का 10 जनवरी तक शत-प्रतिशत भण्डारण कराएं

## जो गोदाम भर गए हैं वहाँ धान की खरीदी बंद करें : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने धान उपार्जन की समीक्षा करते हुए कहा कि 11 जनवरी से मौसम विभाग द्वारा बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। सभी खरीदी केन्द्रों में अतिरिक्त ट्रक लगाकर 10 जनवरी तक उपार्जित धान का शत-प्रतिशत सुरक्षित भण्डारण कराएं। जिन गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में गोदाम भर गए हैं वहाँ तत्काल खरीदी बंद कराकर शेष धान का आसपास के गोदामों में सुरक्षित भण्डारण कराएं। जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक किसानों को उपार्जित धान की राशि समय पर जारी करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसी भी खरीदी केन्द्र में 15 हजार क्विंटल से अधिक धान न रहे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। खरीदी केन्द्र ढखरा, शुभ वेयरहाउस, विन्ध्या एग्रो तथा दीपक वेयरहाउस खरीदी केन्द्रों से धान का तत्काल परिवहन कराएं। सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दें। खरीदी की अंतिम तिथि नजदीक आ रही है। ऐसे में खरीदी केन्द्रों में धान की आवक बढ़ेगी। बारदाने के अभाव में किसी भी केन्द्र में खरीदी बाधित नहीं होनी चाहिए। जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक सहकारी समितियों में तिरपाल की व्यवस्था कराएं, जिससे यदि बारिश होती है तो धान को सुरक्षित रखा जा सके। बैठक में जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम प्रवीण मालवीय ने बताया कि ग्वालियर से 10 लाख बारदाने प्राप्त हो गए हैं।

## सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन 12 जनवरी को

**रीवा।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर प्रतिवर्ष सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाता है। स्थानीय मार्तण्ड स्कूल क्रमांक एक परिसर में 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम प्रात- 9 बजे से प्रात- 10.30 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम आयोजन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुक्त नगर निगम, जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी समन्वय बनाकर आयोजन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं।

# मतदाता सूची का अंतिम रूप से हुआ प्रकाशन



**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया गया। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एक जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण की कार्यवाही संपन्न की गई। अंतिम रूप से तैयार मतदाता सूची का 6 जनवरी को प्रकाशन कर दिया गया है। विधानसभा क्षेत्र रीवा, मनगवां, गुढ़, सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर, मऊगंज तथा देवतालाब की मतदाता सूची का प्रकाशन कर दियागया है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अंतिम रूप से तैयार मतदाता सूची की प्रतियाँ मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रदान कर दी गई हैं। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने अंतिम रूप से तैयार मतदाता सूची की प्रतियाँ मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रदान की।

# चालू माह की शिकायतों व पचास दिवस से अधिक समय सीमा की शिकायतों का जबाव फीड कराकर निराकरण करें : कलेक्टर

## शिकायतें अटेण्ड न करने वाले एल-1 अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने टी.एल. बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि चालू माह की शिकायतों व पचास दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों के जबाव फीड कराकर संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने शिकायतें अटेण्ड न करने वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की तथा नगर पालिका अधिकारी के.एन. सिंह तथा डॉ. यत्नेश त्रिपाठी का वेतन आगामी आदेश तक रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने आगाह किया कि शिकायतें अटेण्ड न करने वाले एल-1 अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि समाधान में लगने वाले विभाग अपनी शिकायतों का निराकरण करायें तथा मांग आधारित शिकायतों को फोर्स क्लोज न करें शिकायतकर्ता से संपर्क कर संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रेडिंग में नीचे पायदान पर न रहें तथा शिकायतों का निराकरण करें।

कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि आरसीएमएस जो नवीन प्रकरण दर्ज हुए है उनका समय सीमा में निराकरण करें। समय सीमा से अधिक होने पर संबंधित के विरूद्ध पेनाल्टी लगाई जायेगी। उन्होंने आधार ईकेवायसी, फार्मर रजिस्ट्री, नक्शा सुधार तथा पीएम किसान सेल्फ रजिस्ट्रेशन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए इनमें गति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जिन ग्रामों में प्रकरण अधिक संख्या में लंबित हैं वहां पुन- कैंप लगाये तथा संबंधित एसडीएम कैंप की मानीटरिंग करें एवं तहसीलदार व नायब तहसीलदार स्वयं उपस्थित रहे। जनकल्याण अभियान अन्तर्गत आयोजित किये जा रहे शिविरों व उनमें निराकृत किये जा रहे प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शिविर आयोजन के उपरांत पोर्टल में प्रगति की इंट्री अनिवार्यत- करायें तथा जिन तहसीलों में अधिक प्रकरण लंबित है उनका त्वरित निराकरण किया जाना सुनिश्चित करायें।

कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में कृषि, उद्यानिकी तथा मत्स्य पालन विभागों के जिला सहकारी बैंक के समन्वय से तकनीकी ऋण मान्य निर्धारण का अनुमोदन किया गया।

जिला टास्क फोर्स की बैठक- खनिज विभाग की जिला टास्क फोर्स की बैठक में कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को खनिज रायल्टी जमा करने के निर्देश दिये। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, जनपद के सीईओ तथा नायब तहसीलदार व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833